
वर्ष-10, अंक-176
इन्दौर, सोमवार
23 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

# दैनिक राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डॉंटना भी आवश्यक है। -चाणक्य



इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

# कांग्रेस का पाकिस्तान से है कनेक्शन...

## जम्मू कश्मीर में एमपी सीएम मोहन यादव के इस बयान की क्यों है चर्चा?

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।** चुनावी राज्य जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक पार्टियों का जमावड़ा लगा हुआ है। इसी सिलसिले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव रविवार को जम्मू-कश्मीर के सांबा दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को नापाक बताया और कहा कि उनके एजेंडों को पाक समर्थन कर रहा।



जम्मू-कश्मीर के पहले चरण के लिए मतदान हो गया है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी चुनावी सक्रियता बढ़ा दी है। भाजपा शासित मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने के लिए जम्मू-कश्मीर के सांबा में पहुंचे। यहां पर पत्रकारों को उन्होंने बताया कि सांबा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरजीत सिंह सलाथिया के पक्ष में उन्होंने चुनाव प्रचार किया।

### मोहन यादव ने किया बड़ा दावा

मोहन यादव ने दावा किया कि जिस प्रकार से जनसभा का माहौल है, निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी यहां पर बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। सांबा के अलावा जम्मू-कश्मीर से अन्य जगहों से जो प्रतिक्रियाएं आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में यहां पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। ये केवल भाजपा नहीं बल्कि विकास के लिए, पूरे कश्मीर को आगे ले जाने वाली सरकार होगी। डबल इंजन की सरकार में जम्मू-कश्मीर एक अलग रूप में सबके सामने आएगा।

### कांग्रेस पर जमकर बरसे एमपी सीएम

मोहन यादव ने नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को नापाक बताया। उन्होंने कहा, इस पर पाकिस्तान ने अपने भाव प्रकट किए हैं। जिसके एजेंडों को पाकिस्तान समर्थन दे रहा है, ऐसे में सभी समझ सकते हैं कि वो किसके लिए काम कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने तय कर लिया है कि वो भाजपा का हाथ छोड़कर नहीं जाएंगे और सभी का पर्दाफाश होगा।

**बीजेपी के लिए सिरदर्द बने पूर्व राज्यपाल**

# MVA के लिए प्रचार करेंगे मलिक



**जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में राज्य विधानसभा चुनावों की घोषणा से पहले सियासी माहौल गरमाने लगा है। महायुति और महा विकास अघाडी एक दूसरे को टक्कर देने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। इस बीच, जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की टेंशन बढ़ा सकते हैं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने रविवार को शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की और कहा कि वह आगामी महाराष्ट्र चुनाव में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के लिए प्रचार करेंगे। इस चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा का सफाया हो जाएगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मलिक ने भरोसा जताया कि आगामी विधानसभा चुनावों में एमवीए विजयी होगी। उन्होंने दावा किया कि नवंबर में होने वाले संभावित विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ बीजेपी का सफाया हो जाएगा। उन्होंने एमवीए सहयोगियों - शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) को सुझाव दिया कि वे समायोजन करें और विधानसभा चुनावों के लिए एकजुट रहें। जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने में अहम भूमिका निभाने वाले सत्यपाल मलिक मुंबई में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आवास पर उनसे मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

## हरियाणा में कांग्रेस का माहौल

**हिसार (एजेंसी)।** हरियाणा में नॉमिनेशन के आखिरी दिन सिरसा सीट से BJP कैंडिडेट रोहताश जांगड़ा ने अपना नाम वापस ले लिया। जांगड़ा ने कहा कि ये पार्टी आलाकमान का फैसला है। ये इकलौती सीट है, जहां BJP का कैंडिडेट नहीं है। यहां से पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक गोपाल कांडा चुनाव लड़ रहे हैं। माना गया कि BJP ने गोपाल कांडा को सपोर्ट किया है, लेकिन गोपाल कांडा ने ही कह दिया कि हमारा गठबंधन इनेलो-BSP के साथ है। टिकट के ऐलान से पहले तक कांडा की हरियाणा लोकहित पार्टी BJP के साथ सरकार में थी। सिरसा सीट की उठापटक ये बताने के लिए काफी है कि हरियाणा चुनाव में एक-एक सीट जीतने के लिए पार्टियां किस हद तक माथापच्ची कर रही हैं। सीधा मुकाबला भले कांग्रेस और BJP के बीच है, लेकिन इनेलो-BSP, JJP-ASP, आम आदमी पार्टी और निर्दलीय सियासी गुणा-गणित बिगाड़ सकते हैं।

**तिरुपति लड्डू विवाद**

## आंध्रप्रदेश के हिन्दू मंदिरों को अपवित्र किया : डिप्टी सीएम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) में प्रसादम (लड्डूओं) में जानवरों की चर्बी मामले में आंध्र प्रदेश के डिप्टी CM पवन कल्याण ने कहा- जब हिंदू मंदिरों को अपवित्र किया जाता है तो हमें चुप नहीं रहना चाहिए। अगर ऐसा मस्जिदों या चर्चों में होता तो देश में गुस्सा भड़क उठता। पवन कल्याण ने रविवार (22 सितंबर) से 11 दिनों की प्रायश्चित दीक्षा की शुरुआत की। इस दौरान वह उपवास करेंगे। पवन ने कहा, मुझे अफसोस है कि मैं मिलावट के बारे में पहले क्यों नहीं पता लगा पाया। मुझे दुख हो रहा है। इसके लिए प्रायश्चित करूंगा। पवन कल्याण ने सोशल मीडिया पर लिखा, पवित्र माने जाने वाले तिरुमाला लड्डू प्रसादम को जगन रेड्डी की सरकार की भ्रष्ट नीतियों के कारण अपवित्र कर दिया गया है। इस पाप को शुरू में न पहचान पाना हिंदू जाति पर एक कलंक है। जिस पल मुझे पता चला कि लड्डू प्रसादम में जानवरों की चर्बी हैं, मैं हैरान रह गया। खुद को दोषी महसूस कर रहा हूं।

## मोदी का नाम भूले बाइडेन

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन शनिवार को डेलावेयर में क्वाड समिट के बाद एक कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी का नाम भूल गए। इस दौरान स्टेज पर PM मोदी, ऑस्ट्रेलियाई PM एंथनी अल्बनीज और जापानी PM फुमियो किशिदा भी मौजूद थे। सर्वाइकल कैंसर से जुड़े कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद बाइडेन, PM मोदी को स्टेज पर आमंत्रित करने के लिए उनका नाम पुकारने वाले थे, लेकिन इस मौके पर वे उनका नाम ही भूल गए। वे करीब 5 सेकेंड तक मोदी का नाम याद करने की कोशिश करते रहे।

**किसानों ने महापंचायत में लिया बड़ा फैसला, बोले, 3 अक्टूबर को**

# किसान पूरे भारत में रेल ट्रैक करेंगे जाम

**कुरुक्षेत्र (एजेंसी)।**

हरियाणा में 5 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव होने हैं और बीजेपी की मुश्किलें दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है. बीजेपी के खिलाफ किसानों का रोष बढ़ता जा रहा है.



रविवार को कुरुक्षेत्र जिले की पीपली अनाज मंडी में किसानों द्वारा महापंचायत का आयोजन किया गया है. सभी किसान नेताों ने फैसला किया है कि 3 अक्टूबर को भारत में 2 घंटे के लिए रेलवे ट्रैक जाम किए जाएंगे. बता दें कि इस महापंचायत में हरियाणा और पंजाब के कई बड़े किसान नेताओं ने हिस्सा लिया. हजारों की संख्या में पहुंचे किसानों को किसान नेता सरवन सिंह पंढेर, जगजीत सिंह दल्लेवाल, अमरजीत सिंह मोहड़ी ने संबोधित किया. महापंचायत में महिला किसान भी भारी संख्या में पहुंची थी. बीजेपी को वोट न करने की अपील- महापंचायत में मंच से सभी किसान नेता बोलते नजर आए कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव चल रहा है. ऐसे में हरियाणा सरकार ने किसान आंदोलन के दौरान किसानों के ऊपर जो अत्याचार किए हैं, उनका बदला लेने का समय आ गया है. सोच समझकर ही अपना मतदान करें. वहीं, कुछ किसान नेताओं ने साफ तौर पर बीजेपी को वोट न करने की अपील भी की है.

**बीएसएफ ने घुसपैठ की कोशिश की नाकाम**

# भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू जिले के आरएस पुरा सेक्टर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। बीएसएफ ने रात के समय संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाते हुए एक घुसपैठिये को सीमा क्षेत्र में बीएसएफ की बाड़ की ओर बढ़ते देखा।



इसके बाद जवानों ने सक्रियता दिखाते हुए घुसपैठ के प्रयास को विफल कर दिया। बीएसएफ के मुताबिक इस कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए, जिसमें दो पिस्तौल, दो मैगजीन, 20 9एमएम राउंड, एक एके राइफल, दो मैगजीन और 17 राउंड शामिल हैं। विधानसभा चुनावों के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इस चुनावी प्रक्रिया में तीन चरणों में से पहला चरण हो चुका है, जबकि बाकी दो चरणों की वोटिंग अभी बाकी है। मतगणना 8 अक्टूबर को निर्धारित की गई है।

## बाढ़ से मरने वालों की संख्या 384 हुयी

**यांगून, (एजेंसी)।** म्यांमार में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 384 हो गयी है और 89 लोग लापता हैं। म्यांमार की राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम ने शनिवार को यह जानकारी दी।

## खार्तूम राज्य में अर्धसैनिक बलों के हमले में 4 की मौत

**खार्तूम(एजेंसी)।** सूडान की राजधानी खार्तूम के उत्तर में ओमडुरमन शहर के आवासीय इलाकों पर अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा किए गए तोपखाने के हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। खार्तूम राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद इब्राहिम के अनुसार मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं, जिनकी अल थावरा पड़ोस में एक आश्रय केंद्र पर गोला गिरने से मौत हो गई, जबकि करारी पड़ोस में एक सरकारी इमारत पर गोला गिरने से दो अन्य की मौत हो गई।

# महिला के 30 टुकड़े करके फ्रीज में भरे

**बेंगलुरु (एजेंसी)।**

बेंगलुरु में 29 साल की एक महिला का 30 टुकड़ों में बंटा शव फ्रिज में पड़ा मिला है। यह महिला मूल रूप से बिहार की बताई जा रही है। पड़ोसियों ने अपार्टमेंट से दुर्गंध आने की शिकायत की। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच की तो यह मामला सामने आया। लड़की की पहचान महालक्ष्मी के रूप में हुई है। मूल रूप से बिहार रहने की वाली यह महिला करीब 4-5 महीने पहले ही शिफ्ट हुई थी।महालक्ष्मी के पति मूल रूप से नेपाल के रहने वाले हैं। वह एक आश्रम में काम करते हैं। आपसी झगड़े की वजह से दोनों अलग रहते थे। पुलिस ने बताया हत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। लेकिन, पुलिस को



संदेह है कि यह हत्या करीब एक सप्ताह पहले हुई होगी। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। एसीपी (पश्चिम क्षेत्र) एन सतीश कुमार ने बताया, 'व्यालिकावल पुलिस थाना क्षेत्र में एक घर में एक महिला का शव टुकड़ों में कटा हुआ और फ्रिज में रखा हुआ मिला। ऐसा लगता है कि यह 4-5 दिन पहले किया गया था।' उन्होंने आगे बताया कि डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक एक्सपर्ट्स ने भी घटनास्थल का दौरा किया और अपनी जांच शुरू कर दी। कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए मीडिया को बताया, 'शव की पहचान हो गई है। जांच जारी है। जांच के बाद हम और जानकारी देंगे। वह कर्नाटक में रहती थी।

# मैं मोटी चमड़ी का नहीं, कोई चोर-भ्रष्टाचारी कहे तो फर्क पड़ता है मुझे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

हमने 10 वर्षों तक ईमानदारी से सरकार चलाई और जनता को तमाम सुविधाएं दीं। ऐसे में नरेंद्र मोदी को लगा इनसे जीतना है तो ईमानदारी पर चोट करो, इसलिए झूठे आरोप लगाकर हमारे मंत्रियों और नेताओं को चुन-चुन कर जेल में डाल दिया गया।



यह बात दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने जंतर मंतर में आयोजित जनता की अदालत में कही। उन्होंने कहा कि मैं मोटी चमड़ी का नहीं हूँ, इसलिए कोई चोर-भ्रष्टाचारी कहे तो मुझे फर्क पड़ता है। आम आदमी पार्टी ने रविवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर जनता की अदालत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित कर रहे दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने सीएम पद से इस्तीफा देने का जिक्र करते हुए कहा, कि सीएम पद से इस्तीफा मैंने इसलिए दिया है क्योंकि मुझे कुर्सी की भूख नहीं है। पैसे नहीं कमाने, हम तो देश की राजनीती बदलने आए थे।

## रूस यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेगा

**मास्को (एजेंसी)।** रूस यूक्रेन पर संभावित दूसरे शांति शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेगा। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन संघर्ष को हल करने से संबंधित नहीं है।

## जाकिर नाइक व्याख्यान देने के लिए जाएगा पाक


**इस्लामाबाद।** कट्टरपंथी इस्लामी उपदेशक और भारतीय भगोड़े जाकिर नाइक अक्टूबर में इस्लामाबाद, लाहौर और कराची में व्याख्यान देने के लिए पाकिस्तान का दौरा करेंगे।

# योगी पर विदेशी महिला ने लगाया यौन शोषण का आरोप

## यात्रा के दौरान किया यौन शोषण, राष्ट्रीय महिला आयोग में की शिकायत

**प्रयागराज (एजेंसी)।**

झूंसी स्थित क्रिया योग आश्रम व अनुसंधान संस्थान के संचालक योगी सत्यम पर कनाडा की एक महिला ने गंभीर यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। महिला ने अपनी शिकायत राष्ट्रीय महिला आयोग में दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि योगी सत्यम ने यौन क्रियाओं को आध्यात्मिक लाभ के रूप में बताकर उनका शोषण किया। महिला के अनुसार, वह 2001 के अंत में भारत आई थीं, जब वह अपने पति द्वारा धोखा दिए जाने के कारण मानसिक संकट से गुजर रही थीं। इसी दौरान योगी सत्यम ने उन्हें अपने आश्रम में आने के लिए बुलाया। जनवरी 2002 में वह लगभग एक महीने तक झूंसी स्थित आश्रम में रही। महिला ने आरोप लगाया कि इस



दौरान योगी सत्यम ने उन्हें संन्यासी बनने के लिए प्रेरित किया और अपनी क्रियायोग यात्रा में शामिल होने के लिए कहा। महिला ने दावा किया कि इस यात्रा के दौरान योगी सत्यम ने पहली बार उन पर यौन संबंध बनाने का दबाव डाला। इसके बाद, अमेरिका के दौरे के दौरान भी उन्होंने कई बार यौन शोषण का सामना किया। पीड़िता ने बताया कि हर बार यौन संबंध बनाने के बाद योगी सत्यम ध्यान और श्वांस संबंधी अभ्यास करने के लिए कहते थे, और उन्हें यह विश्वास दिलाने की कोशिश करते थे कि ये क्रियाएं आध्यात्मिक लाभ देती हैं। महिला ने राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। योगी सत्यम के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की जा रही है, हालांकि आश्रम की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस मामले ने योग और आध्यात्मिक गुरुओं पर उठ रहे सवालों को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। अब देखना यह है कि इस मामले में आगे क्या कदम उठाए जाते हैं।

## संपादकीय

# खाता ना बही– सरकार जो कहे सो सही



*सात साल में 07 राज्यों की सरकारों द्वारा 1935 आरोपियों की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाकर तुरंत न्याय करते हुए उन्हें सजा दे दी गई। यह सजा सरकार ने आरोप के आधार पर तुरंत दान महा कल्याण की तर्ज पर दी है। तुरंत न्याय करके सरकार ने अपनी ताकत का एहसास करा दिया है। सरकार के इस न्याय से अपराधियों में खौफ है। यह कहा जा रहा है। इस खौफ के बाद भी अपराध कम होने के स्थान पर बढ़ते क्यों जा रहे हैं, यह चिंता का विषय है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपराधियों में खौफ पैदा करने और तुरंत सजा देने के लिए अघोषित और असंवैधानिक बुलडोजर कानून लागू किया था। आरोप के आधार पर बुलडोजर चला कर अपराधी के घर, मकान और संपत्ति को नष्ट करने का सिलसिला उत्तर प्रदेश सरकार ने शुरू किया था। सरकार ने बुलडोजर से आरोपी और उसके परिवार की संपत्ति नष्ट कर दी। उस संपत्ति को अवैध निर्माण या सरकारी जमीन पर कब्जा बताकर आनन-फानन में बुलडोजर और पुलिस बल की सहायता से तोड़ दिया गया। उत्तर प्रदेश में पिछले 7 सालों में 1535 अवैध निर्माणों को बुलडोजर से तोड़ा गया है। इसके बाद मध्य प्रदेश में 259 निर्माण तोड़े गए हैं। तीसरे नंबर पर हरियाणा है, यहां पर 64 निर्माण बुलडोजर से तोडे गये। गुजरात में 55, राजस्थान में 10, दिल्ली में 10 और झारखंड में 2 इस प्रकार लगभग 1935 संपत्तियों को आरोप के आधार पर बुलडोजर से नष्ट किया गया है। इसमें सबसे बड़ी खास बात यह है की एक धर्म विशेष के लोगों की लगभग 90 फ़ीसदी संपत्तियों को आरोप के आधार पर तोड़ा गया। मध्य प्रदेश में 1 अपराधी की ऐसी संपत्ति को तोड़ा गया जिसे बनने में 7 साल लगे, करोड़ों रुपए से उसका निर्माण हुआ, जमीन का स्वामित्व भी था और नक्शा भी पास था। उसके बाद बुलडोजर कानून को लेकर न्यायालय की नींद खुली। अब इस मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अगले आदेश तक बुलडोजर से इस तरह का न्याय रोक दिया है। अपराध किसी एक व्यक्ति ने किया, उसके ऊपर आरोप लगा। आरोप की सत्यता जांचे बिना आरोपी के परिवार की पूरी संपत्ति को तोड़ कर सारे परिवार को बेदखल करने का यह बुलडोजर कानून भारत में पिछले 7 साल से चल रहा था। इस कानून के कारण उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को देश भर में एक नई पहचान मिली। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट इस न्याय को होते हुए देख रही थी। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने अपनी आंखों पर काली पट्टी बांध रखी है। जो भारतीय संवैधानिक न्यायपालिका की संवेदनशीलता और निष्पक्षता का सबसे बड़ा प्रमाण है। सरकारों ने असंवैधानिक और गैर कानूनी तरीके से जिस तरह से बुलडोजर के माध्यम से आरोपियों की संपत्तियों को नेस्त-नाबूत किया है, वह भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिक के मूलभूत अधिकारों का स्पष्ट रूप से सरकार द्वारा हनन किया गया है। न्याय प्रक्रिया का पालन किए बिना सरकार के अधिकारियों ने न्यायपालिका के अधिकारों का उपयोग, प्रशासकीय अधिकारियों ने अवैधानिक तरीके से किया है। किसी भी मामले में न्यायिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। एक व्यक्ति के किए हुए अपराध की सजा उसके पूरे परिवार को दे दी गई। मीडिया में उसका प्रचार-प्रसार किया गया।*

# प्यार की नौटंकी



ज़िंदगी में सब कुछ तेजी से बदल रहा है। इतनी तेजी से तो मल्टीप्लेक्स सिनेमाघरों में मूवी भी नहीं बदल रही है। लेकिन अगर कुछ नहीं बदला है, तो वह है प्यार! जी हां, प्यार जिसे आप प्रेम, अनुराग, आसक्ति, मोह, स्नेह, रति, प्रीति, अनुरंजन, लगाव, अनुरक्त, इश्क़, मोहब्बत, स्नेहसिक्त, प्रेमभाव, राग, नेह, उल्फ़त, चाहत, वफ़ा, रफ़ाक़त और दिल्लगी जैसे साहित्यिक नामों से या हालात-ए-सूरत की असली शब्दावली से निकले शब्द जैसे प्रेम का पेंडेमिक, मोहब्बत का मीज़ल्स, प्यार का पीलिया, चाहत का चिकनगुनिया, आकर्षण का ऐंठन, रूमानी रूबेला, स्नेह का स्वाइन फ्लू, दिल का डेंगू, मोह का मलेरिया, दिल्लगी का दस्त, प्रीत की पथरी, मजनूं का मस्तिष्क ज्वर, माशूका का मतिभ्रम, लगाव का लूज मोशन, चाहत का चेचक, इश्क़ का बुखार, साजन की सर्दी-खांसी, महबूब का मस्तिष्क ज्वर आदि किसी भी नाम से पुकार सकते हैं। कुछ भी कह लो, प्यार का नाम सुनते ही अच्छे-अच्छों के दिल की धड़कनें लुहार की धौंकनी जैसी चलने लगती हैं। प्यार का नाम वैसे ही गर्मी से झुलस रही आहों को और गरम कर देता है। इस गर्मी में तो रामलीला के मंचन में हनुमान जी के पात्र को भी मुंह में केरोसिन लेकर आग फूंकने की जरूरत ही नहीं, बस प्यार का नाम सुना दो, मुंह से वैसे ही आग बरसने लगेगी।

मेरा तात्पर्य है कि प्यार का नाम नहीं बदला, लेकिन प्यार करने का तरीका बदल गया है। प्रेमी और प्रेमिका के बीच प्रेमालाप की चरणबद्ध प्रक्रियाएँ बदल गई हैं। आजकल का प्यार तो जैसे ट्वेंटी-ट्वेंटी का मैच हो गया है। एक ही दिन में आई लव यू से आई नीड टू टॉक टू यू, और देखो हमारे रास्ते अलग हैं हो जाता है। अब तो प्यार भी चट मंगनी पट ब्याह की तरह चट प्यार पट ब्रेकअप हो गया है। प्यार, जहां पहले सत्यनारायण भगवान के प्रसाद की तरह हर किसी को नहीं लुटाया जाता था, अब तो प्यार की स्कूटी को चलाने के लिए एक मुर्गा और दो-चार स्टेपनी का काम मुस्तैदी से संभाले हुए प्यार के कीड़े चाहिए, जो इस स्कूटी में पीछे लगे रहते हैं। या यूँ कहिए कि दो-चार एक्स्ट्रा प्लेयर इस प्यार की क्रिकेट में होते हैं, जो प्रेमिका द्वारा प्रेमी से भूतपूर्व प्रेमी किए हुए रिटायर्ड हर्ट खिलाड़ी की जगह खेलने लगते हैं। ये प्यार के कुलबुलाए कीड़े, जो राशन की लाइन और टिकट विंडो की लाइन में लगे रहने से अभ्यस्त हो गए हैं, यहाँ भी अपनी प्यार की खिचड़ी पकाने के लिए लाइन में लगे रहते हैं। भारत के बेरोजगार युवा वो भी प्रेमी, मतलब की मेल खाता हुआ एक घातक कॉम्बिनेशन! सरकारी नौकरियों की भर्तियाँ तो नहीं, हां, प्यार के शोना बाबू के पद की वेकेंसी की घोषणा होते ही अपना फॉर्म आगे सरका देते हैं!

अब देखो, वो पहले जमाने का प्यार तो है नहीं, कि महीनों तक गली में धूल फांकते उसकी बस एक झलक देखने में निकल जाए। गली के कुत्तों से कटवाने और प्रेमिका के भाई से पिटवाने से अपने डील-डौल को जैसे-तैसे बचाते फिरते, छुपते-छुपाते कभी-कभार मिल भी जाते थे तो उस परम मिलन की खुमारी साल भर नहीं उतरती थी। फिल्मों में तो प्यार में मिलन को सांकेतिक रूप से दो गुलाब के फूलों का मिललाकर दिखा देते थे। आजकल तो एक फूल के दो नहीं, चार माली हैं। इसलिए फूल की जगह माली ही आपस में गुत्थम-गुत्था हो रहे हैं। फूल चूमने के चक्कर में खुद माली ही फूल बन रहे हैं। आजकल तो प्यार करने का दिन भी फिक्स कर दिया गया है, वैलेंटाइन डे, जैसे कि प्यार में



**व्यंग्य**

**वक्रासन**

ऑन-ऑफ का बटन लगा दिया हो। बटन ऑन हुआ प्यार हुआ, बटन ऑफ प्यार खत्म, फिर साल भर इंतजार करो।

पहले प्यार सालों की नहीं, पूरी पंचवर्षीय योजना थी, हालांकि पंचवर्षीय योजना की तरह योजनाबद्ध भी नहीं थी। बस कोर्ट में चल रहे मुकदमों की तरह माशूका की तरफ से तारीखों पर तारीखें मिलती थीं। कोई एक-दो प्यार भले ही दोनों पक्षों के वकील और जज की भूमिका निभा रहे दोस्त और रिश्तेदार मिलभगत करके फेवर में फैसला कर देते थे। घरवालों की लोकलिहाज की मजबूरी भी साथ देती थी। वरना अधिकांश प्रेम कहानी शीरी-फरहाद, लैला-मजनू की तरह ज़िंदगी भर तकिए में मुंह छुपाए सिसकती रहती या अपने आप को माशूका के बच्चों के मामा जी कहलवाने तक सिमट जाती थी।

आजकल तो पुराने प्यार की स्मृतियों को याद करने का एक और तरीका है। आजकल विफल प्रेम, सोशल मीडिया का पासवर्ड बनकर प्रेमी की स्मृति में अंकित हैं। अब गए वे जमाने जब प्यार भरे पत्रों को किताबों में छुपाकर, बालाएं इठलाती थीं, संकुचाती थी और शर्माती थी। सहेलियों की मसखरी और चिकोटी के बीच पत्रों को छुपते-छुपाते पढ़ा जाता था।

जहां प्यार की आखिरी मंजिल पहले चने और गन्ने के खेत होते थे, वहां उनकी जगह अब ओयो होटलों के रूमों ने ले ली है। प्यार के पत्रों को वह छूने का अहसास और वह शेरो-शायरी की जगह अब व्हाट्सएप चैट के हम्म्म ने ले ली है। शेरो-शायरी भी ऐसी की कालिदास की आत्मा अगर देख रही हो तो वह भी शर्मा जाए। खत लिखती हूँ खून से स्याही ना समझना, फूल भेजा है पत्थर ना समझना आदि साहित्यिक रचना से अलंकृत प्रेम की चरमोत्कर्ष अभिव्यक्ति!

आजकल जहां प्यार के फल की परिणति नए-नए गर्भपात सेंटरों में हो रही है, वहाँ पहले तो प्यार का इज़हार भी नहीं हो पाता था। जब तक इजहार करते तब तक तो आशिक बेचारा अपनी माशूका की शादी में बारातियों को गरम-गरम पूड़ी परोस रहा होता था। आजकल तो गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड रखना ऐसे हो गया है जैसे कुत्ता पालना। बाबू शोना रखना जैसे एक स्टेटस सिंबल बन गया है। जिसने जितने ज्यादा बंदे या बंदी पाल रखी हैं उसकी उतनी ही पूछ।

नाम भी बदल गए हैं। जहां पहले प्रेमिका, प्रेमी का नाम लेने में भी शर्माती थी, अब तो बाबू, शोना, और ना जाने क्या-क्या नाम रखा जाता है। ऐसे ही जैसे पालतू कुत्ते का निक नेम रखते हैं। आज के जमाने में जहां प्यार की पींगे कॉफी हाउस, रेस्टोरेंट में बढ़ाई जाती हैं, हमारे जमाने में तो पुराने भूत बंगले की फूटी दीवार, बरगद के पेड़ की छांव, कुएं की मेंड़ या गांव के बाहर किसी बुजुर्ग पटेल की मरनोपरांत बनी छतरी के नीचे ही ये सब होता था!

सुना है प्यार में दिल धक-धक करता है, किताबी बातें लगती हैं। हमारे ज़माने में तो वो धक-धक प्रेयसी के मिलन से कम, घरवालों को पता न लग जाए इस डर से ज्यादा लगता था। नहीं तो दो चप्पल की मार में इश्क का भूत उतरते देर नहीं लगती थी। स्कूल-कॉलेज में नहीं, शादी में आई मेहमान या पड़ोस के घर छुट्टियां बिताने आई लड़की, इश्क में मरने के लिए लैला और हीर का काम करती थी। दीदार गलियों में या पनघट पर होता था, जहां इशारों में मोहब्बत होती थी। अब इश्क का जैसे सैलाब आ गया, दो टूक बात नहीं, मोबाइल पर 24 घंटे बातें करने का रिकॉर्ड बनाते हैं। एक दिन में ही बातों का कोटा खत्म कर लेते हैं, दूसरे दिन कुछ कहने को रहता नहीं। फिर क्या! इसलिए तो ब्रेकअप हो रहे हैं। मोहब्बत कम, शोबाजी हो गई है। इंस्टा, व्हाट्सएप, फेसबुक में लाइक, कमेंट और एक-दूसरे की प्रोफाइल की चौंकसी, बस यही रह गया है प्यार का मतलब। हर दूसरे दिन फ्रेंडज़ोन के शिकार, शोना, बाबू से कब मेरी जान छोड़, कहीं और मर पर आ जाए पता ही नहीं चलता।

पुराने दौर के प्यार के अफ़साने सिर्फ और सिर्फ पुरानी फिल्मों में या पुराने रीति काल के कवियों ने अपनी लेखनी से संजो कर रखे हैं।

जिस प्रकार शहर की आधुनिकता वापस अपनी जड़ों की ओर जा रही हैं, अब पांच सितारा होटलों में भी गांव के चूल्हे की मक्की की रोटी, सरसों का साग, आधुनिकता के एल्युमीनियम फॉयल में परोसे जा रहे हैं।

वो दिन दूर नहीं, शायद पुराना प्यार भी लक्जरी विंटेज में शामिल हो जाए और पुरानी तरह से प्यार करने वाले आशिकों को इस विरासत को जिन्दा रखने के खिताब से नवाजा जाए।

चलते-चलते शकील बदायूंनी जी का एक शेर याद आ गया:-

ऐ इश्क़ ये सब दुनिया वाले<br>
बेकार की बातें करते हैं,<br>
पायल के ग़मों का इल्म नहीं,<br>
झंकार की बातें करते हैं।

**डॉ मुकेश असीमित**

# फीस



**कहानी**

वह अपने बच्चे को बड़ी निर्दयता से पीट रहा था। मैंने आगे बढ़कर उसे रोका। पूछा, क्या बात है? कोई अपने बच्चे के साथ इस तरह करता है क्या ? वह आग-बबूला हो रहा था। उसने कहा, एक तो पढ़ता नहीं है, दूसरे कंचे खेल रहा था। मैं एक मामूली दुकान चलाता हूँ। मुश्किल से इसकी फीस भर पाता हूँ। और जनाब को पढ़ाई से कोई मतलब ही नहीं है ।

इतना कहकर वह लगभग रोने लगा। मैंने उसको धीरज बँधाया। कहा, फिक्र मत करो । यह जरूर पढ़ेगा । रही बात फीस की तो तुम उसकी भी चिन्ता मत करो। भगवान का दिया मेरे पास बहुत कुछ है । मैं हर महीने इसकी फीस भर दूँगा । समय मिला तो इसे कुछ पढ़ा भी दिया करूँगा।





वह बड़ा कृतज्ञ हुआ। उसने हाथ जोड़ लिए। कहा, भगवान आपको सभी तरह की खुशियाँ दे ।

मैं हर महीने बच्चे की फीस भरने लगा । अवसर मिलने पर उसके घर भी चला जाता। बच्चे की पढ़ाई की प्रगति देख लेता । यदि कोई कठिनाई रहती तो उसे दूर करने का प्रयत्न करता ।

उसकी पत्नी भी मेरे प्रति कृतज्ञता से भरने लगी थी। मैंने गौर किया, मेरे आने पर वह अच्छे कपड़े पहन लेती। कभी थोड़ा बन-सँवर भी लेती। वह मेरा खातिर - सत्कार भी करती । यह उसका सम्मान प्रकट करने का तरीका मात्र था । लेकिन मैंने महसूस किया, उसके पति को यह सब पसन्द नहीं आता था ।

एक दिन उसके बच्चे ने कहा, अंकल इस माह परीक्षा की भी फीस देनी होगी ।

मैंने कहा, मैं कुछ कारणों से स्कूल जाने में असमर्थ हूँ। अगले रविवार की सुबह आऊँगा। फीस के पैसे दे जाऊँगा। तुम खुद जमा कर देना ।

रविवार को मैं उसके घर पहुँचा । घर पर ताला लगा था। तभी उसका पड़ोसी निकला। उसने कहा, भाई साहब, अब आप यहाँ न आएँ । उसने मना किया है। उसने यह भी कहा है कि आइन्दे आप फीस जमा करने की हिमाकत न करें ।

हिमाकत ? मैं किंकर्तव्यविमूढ़ था। मैं तो एक गरीब बच्चे की मदद कर रहा था। मगर वह क्या समझ बैठा ?

**ज्ञानदेव मुकेश**
**न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी**
**पटना -800013**

# बाबूजी की याद

**कहानी**



बेटी ,आज गुब्बारे बेचने मत जाओ।

क्यों माँ ?

आज तेरे बाबूजी का श्राद्ध है ना, बहुत कुछ तो नहीं कर सकते लेकिन थोड़ा दान धर्म कर देंगे।उनकी आत्मा को शांति मिलेगी।

पारो के बाबूजी की खिलौने की दुकान थी।पारो स्कूल के बाद दुकान पर बाबूजी के साथ बैठती थी। उसे खिलोने बेचने में मजा आता था। भाग्य में लिखा कोई मिटा नहीं सकता।बस उभरती अजीब बीमारी से वे चल बसे।इलाज के लिए दुकान का सामान सब बेच दिया गया।

पारो चतुर थी । उसने तय किया बाबूजी की दुकान फिर से खड़ी करूंगी। लेकिन

रोज की रोटी के जुगाड हेतु गुब्बारे जैसा हल्का सा काम शुरू करना जरूरी था।

उसे एक युक्ति दिमाग में आई, उसने माँ से कहा,बाबूजी दुकान पर बैठते ही सुबह एक खिलोना दान करते थे।

क्यों न आज मैं दस गुब्बारे बच्चों को मुफ्त में दे दूं।

एक गुब्बारा दस रूपए का,दस गुब्बारे सौ रुपए के

पारो एकदम चहककर उठी और गुब्बारे लेकर चौराहे पर खड़ी हो गई । मुस्कराते हुए बच्चों को प्यार कर लगी गुब्बारे फुलाने, कुछ समय में दस बच्चों को दस गुब्बारे दिए और ह्रदय तल से बाबूजी को याद किया।

चौराहे से घर लौटते समय पारो ने हार खरीदा , पापा के फोटो को हार पहनाते मां बेटी ने महसूस किया बाबूजी मुस्करा रहे हैं।

**अमिता मराठे, इंदौर**



**चिंतन-मनन**

# मौन का तन मन की सुन्दरता के लिये महत्व

प्रत्येक मनुष्य सुन्दर एवं स्वस्थ्य रहना चाहता है। सुन्दरता एवं स्वस्थ्य का राज मौन मै छिपा हुआ है। सामान्यतः चुप रहना मौन है, प्राचीन पुराण बचन के साथ ईष्या, डाह, छल, कपट और हिन्सा को कम करना मोन होता है। मनोवैज्ञानिक 'फ्रायड' का कहना है कि जीवन अन्तर्द्वद्वी श्रृंखलाओं से मिल कर बना है। अन्तर्द्वद्व दो या दो से अधिक विरोधी इच्छाओं का एक साथ उत्पन्न होना है। ये असीम इच्छायें पूर्ण न होने पर तनाव नामक बीमारी देती है। जिससे आज के अधिकांस व्यक्ती ग्रासित है। अन्तर्द्वद्व में फंसे व्यक्ति की स्थिति कई विपरीत दिशाओं से आने वाली नदियों के पानी के साथ मिलने से भॅवर बनती है कि जैसी हो जाती है। भॅवर में फसे व्यक्ति को न बैठे शांति मिलती है न लेटे, न भूख लगती है, न प्यास, न ही ध्यान अध्ययन में मन लगता है। याददास्त क्षमता कम हो जाती है। हार्ट अटेक, आत्म हत्या भी इसी कारण करते हैं।

हर मनुष्य अन्नत शक्तिमान है। यह शक्ति मन एवं पाचों इन्द्रियों के कार्यो में खर्च होती है। मन एवं इन्द्रियों को बस मे करने का कार्य 'मौन' करता है। मौन रहने से मनुष्य के अन्दर की छुपी हुई शक्ति उदय हो जाती है। आज के कल युग में इनद्रिय विषय-भोगों की सामग्री में वहुत वृद्धि हूई है जिसे अपनाने पर इक्छा शक्ति में अधिक बृद्धि हो रही है। जो टेन्सन को जन्म देती है। अतः आज टेन्सन बड़ी बीमारी हो गई है। जो भी व्यक्ति अधिक बोलते है उनके मुख में रहने वाला पाचक रस सूख जाता है। मानसिक सन्तुलन खो जाता है, ह्रदय गति तेज हो जाती है। मान इन सब परेशानियों से बचने की राम वाण औषधी है। दिन में एक घण्टा मौन रहने पर दो घण्टे की कार्य क्षमता में बृद्धि होती है। रक्त प्रवाह सामान्य स्वस्थ्य होता है, तन, मन, सुन्दर बनता है। अतः संयमित वोल मान को जीवन में अपनाना चाहिये।

# सब कुछ मिलता है आप तैयार हो ना.....

एक संस्था के आफिस में मैनेजर फोन पर बोल रहा था- आजकल तो हर चीज किराए पर मिल जाती है। चकाचौंध भरी दुनिया में आधुनिकता का तड़का लगा हुआ है। इसके चलते जीवन-मरण, सुख-दुःख व हर एक के लिए यहाँ सब-कुछ तैयार मिलता है। शादी- सगाई के लिए टेलेंटेड बन्दे मिल जाते हैं हर उम्र के, आप तैयार हो नाः! सभी के अलग-अलग भाव के अनुसार उनकी प्रतिभा के हिसाब से आप उनकी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं। अब आप इसे नाटक समझें, या फिर आपकी समस्या का समाधान, यह आप का विवेकाधिकार है, पर मूल्य तो चुकाना ही होगा, तभी आपका काम पूरा होगा। जनाब चाहें आप कंधा लगवा लीजिए या दूल्हे राजा के रिश्तेदार बनवा लीजिए। सब काम में तैयार है हमारी इस संस्था में आदमी, आप तैयार हो नाः!



इसी बीच एक ग्राहक आता है आफिस में,-अरे आइए, आइए बैठिए सेठ जी।

मैनेजर बोला-आप के दुःख-सुख में हमेशा तैयार है हमारी संस्था। आपके अनुदान के हिसाब से किस काम के लिए, किसे ले जाना चाहते हो कितने आदमी, 1 दर्जन, 2 दर्जनः सभी के रेट में थोड़ा-बहुत फर्क है सेठ जी। यह कोई लूट का काम नहीं है। आप बताएं किस काम के लिए आए हैं

अरे भाई क्या बताऊं! आज सुबह ही मेरे पूज्य पिता जी का स्वर्गवास हो गया। 11 बजे शवयात्रा निकलेगी। अब इस शहर में लाईफ-स्टाइल कितनी तेजी से बढ़ रही है। फिर किसी के पास टाइम नहीं है। रिश्तेदार दूर से आते-आते शाम हो जाएगी, इसी लिए आपके आफिस आया हूँ। जल्दी से 15 लोग तो चहिए, 5-6 महिलाएं भी हों। आदमी होशियार चहिए, जो शवयात्रा के दौरान कंधा लगा लें। सब-काम अच्छे से हो जाएगा।

ठीक है सेठ जी, मैं 20 लोगों को भेज देता हूँ।

हा, हां सही है मैनेजर साहब, पर पैसे कितने लगेंगे

सेठ जी, 1 आदमी के 400 । एडवांस 2000 जमा करा दीजिए, बाकी बाद में जब सब कार्य निपट जाए, तब दे सकते हो।

एडवांस जमा कराकर वह चले जाते हैं, उसी बीच फिर दूसरा ग्राहक आता है,- सगाई के लिए 10 आदमी चहिए, जो रिश्तेदार बन कर चल सकें। मात्र 2 घंटे का

**व्यंग्य**

**अरण्यरोदन**

काम है। बताईए तैयार हैं आदमी! अर्जेन्ट में अभी चलना है, क्योंकि 2 बजे हम दोनों को ऑफिस जाना है।

मैनेजर-हां हां हमारे यहाँ 24 घंटे सुविधा उपलब्ध है। पुरुष, महिला, लड़की, बच्चे सब मिल जाएंगे, पर श्रीमान जी अर्जेन्ट यानी त्वरित सेवा के ज्यादा लगेंगे।

हा हां ठीक है चलेगा। बताईए कितने देना है

सर 5000 अभी जमा करा दीजिए। बाकी सगाई के बाद टोटल 15 हजार लगेंगे।

ठीक है, भेजिए।

उसी बीच मैनेजर आदमियों को बोलता है, अरे वह सभागार में 40 आदमी गए कि नहीं! बारात लगना है 4 बजे। 10 बुजुर्ग भी चाहिए, चाचा, मामा व काका बनाएंगे।

यह देखिए महानगरों व आधुनिक शहरों का हाल। इस आपा-धापी में पैसे की तरफ भागता मनुष्य इतना पत्थर दिल हो चुका है कि इंसान से इंसानियत के रिश्ते दिखावटी हो चुके हैं। समय का अभाव कहें या लालच का पिटारा कि अब रिश्ते खोखले साबित हो चुके हैं। हा समय मूल्यवान जरुर है, पर अपने लिए। परिवार के लिए रिश्ते, परम्परा, भाईचारा, समन्वय, धर्म, संस्कार और हमारी भारतीय संस्कृति यह विदेशी आक्रमणकारी की नकारात्मक सोच से दूषित हो चुके हैं। सब-कुछ बेकार हो गया है। मनुष्य की नैतिकता में खोट आ गई है। पैसे, माया, लोभ, चोरी और झूठ के प्रलोभन में वर्तमान समय में मनुष्य भटक गया है। इसी लिए, इस भौतिकता के दौर में सब-कुछ बिकता है, खरीदोगे क्या एक मशहूर कलमकार ने कहीं लिखा था कि एक समय वह था, जब लोगों के घर छोटे थे, पर दिल बड़े होते थे। आज दिल छोटे और घर बड़े हो गए हैं। तभी तो यहाँ सब-कुछ मिलता है, तो आप तैयार हो ना!

**- हरिहर सिंह चौहान जबरी**
**बाग़ नसिया इन्दौर मध्यप्रदेश**
**452001**





# भाजपा जिला इंदौर का महासदस्यता अभियान

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।**

जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा और विधायक मनोज पटेल ने देपालपुर में, मंत्री तुलसी सिलावट ने सांवेर, विधायक उषा ठाकुर ने महू और मधु वर्मा ने राऊ में चलाया सदस्यता अभियान 15 मंडल, 136 शक्ति केंद्र, 851 बूथों पर चला अभियान भाजपा जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा एवं सदस्यता अभियान जिला प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि संगठन पर्व सदस्यता अभियान के अंतर्गत आज भाजपा जिला इंदौर द्वारा महा सदस्यता अभियान चलाया गया। महासदस्यता अभियान के अंतर्गत जिले की चारों विधानसभा के अंतर्गत आने वाले 15 मंडलो, 136 शक्ति केंद्रों, 851 बूथों, आठों नगर पंचायतों, 320 पंचायतों, चारों जनपद, जिला पंचायतों के सभी वार्डों में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा हुए विधायक मनोज पटेल ने देपालपुर विधानसभा में, मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर में, विधायक उषा ठाकुर ने महू, मधु वर्मा ने राऊ में सदस्यता अभियान चलाया। कोदरिया मंडल में मुकेश जरिया, महू नगर मंडल में वीरेंद्र आंजना, सिमरोल मंडल में सुभाष पाटीदार, महू गांव में श्रवण सिंह चावड़ा, मानपुर मंडल में सुभाष महोदय, देपालपुर मंडल में सत्यनारायण पटेल, गौतमपुरा मंडल में लक्ष्मीनारायण ओसरा, बेटमा मंडल में मोहन सिंह कछावा, हातोद में गुमान सिंह पंवार, संवर भारत सिंह चौहान, शिप्रा में मुकेश पटेल, पालिया में अंतर दयाल, खुडेल में मुकेश चौहान, राऊ में घनश्याम नारोलिया, कैलाश पाटीदार मंडल में घनश्याम पाटीदार के नेतृत्व में महा सदस्यता अभियान चलाया गया।

## पच्चीस वर्ष बाद फिर गुलज़ार हो उठा अभिनव कला समाज का मुक्ताकाश मंच

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।**

एक ज़माने में जिस मुक्ताकाश मंच में सांघी संगीत समारोह की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित महफिलें सज़ा करती थीं और सामने हज़ारों इंदौरी संगीत प्रेमी रात भर रहते थे, अभिनव कला समाज के उसी मुक्ताकाश मंच के सुनहरे दिन मानों आज कुछ दशक बाद फिर लौट आए।

नए सिरे से सजे - संवरे मुक्ताकाश मंच में आज जैसे ही लता स्वर तर्पण का दीप प्रज्वलन अभिनव कला समाज के अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार खारीवाल, श्री अभिषेक गावड़े, श्री गोवर्धन लिंबोदिया, श्री राजेंद्र कौशिक,श्री आलोक बाजपेयी, सुश्री सोनाली यादव श्री नितिन माहेश्वरी एवं श्री धर्मेंद्र दवे ने किया मानों इस प्रतिष्ठित मंच पर छाया लगभग दो दशकों का बदहाली और गुमनामी का अंधेरा छंट गया और स्वरों का थमा हुआ कारवां फिर चल पड़ा। लगभग पौन शती पूर्ण करने की दहलीज़ पर खड़े अभिनव कला समाज के अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार खारीवाल ने बताया कि पूर्व में अनेक प्रतिष्ठित संगीत समारोह इसी मंच पर आयोजित होते थे। बाद में दुर्भाग्य से लंबे समय तक यह मंच उपेक्षित रहा।

समाज के पचहत्तर वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर जिन लक्ष्यों की सूची तय की गई थी, उनमें इस मुक्ताकाश मंच का नया दौर लाना भी शामिल था। यह सुखद संयोग है कि इंदौर की बेटी स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर जी को समर्पित आयोजन से इंदौर को नवश्रृंगारित मंच का तोहफा शहर के संस्कृति प्रेमियों को मिला।

नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के

# अनूठे उदाहरण प्रस्तुत किये मध्यप्रदेश ने : मुख्यमंत्री

## स्वच्छता ही सेवा अभियान में सफाई मित्रों का हो रहा सम्मान

**इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन को देश भर में व्यापक आंदोलन शुरू कर स्वच्छ भारत की परिकल्पना को साकार करने के जो लक्ष्य निर्धारित किये उन्हें प्राप्त करने में मध्यप्रदेश ने देश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। स्वच्छता को सर्वोपरि मानते हुए इंदौर ने सफाई की जो अलख जगाई है, वह पूरे देश में उदाहरण बन चुकी है। इंदौर के नाम लगातार 7 बार देश को स्वच्छतम शहर बने रहने का रिकार्ड है। इंदौर ही देश का पहला वाटर प्लस शहर भी बना है और भोपाल देश की सबसे स्वच्छ राजधानी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म दिन 17 सितम्बर से प्रारंभ हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान में एक बार फिर मध्यप्रदेश पूरे जुनून के साथ जूट गया है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति मंत्रीगण, जन-प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, समाजसेवी और सामाजिक संगठनों के साथ नागरिक भी सजग होकर महती भूमिका निभा रहे हैं। प्रदेशवासियों और हमारे सफाई मित्रों के मनोबल बढ़ाने के लिये राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने भी अपने उज्जैन प्रवास के दौरान सफाई मित्रों से संवाद कर उन्हें सम्मानित किया और श्रीमहाकाल लोक परिसर में झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। यह मध्यप्रदेश के लिये गर्व की बात है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि स्वच्छता के सभी आयामों पर मध्यप्रदेश खरा उतर रहा है। राज्य सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक एवं खुले में मांस-मछली के विक्रय पर



प्रतिबंध लगाया है। प्रदेश में जीरो वेस्ट को प्रोत्साहन देने के लिये नगरीय निकायों में जीरो वेस्ट इवेंट भी जारी किये जा रहे हैं। प्रदेश में 401 नगरीय निकायों में सूखे एवं गीले कचरे के प्र-संस्करण के लिये सेंट्रल कम्पोस्टिंग और मटेरियल रिकवरी के लिये इकाइयों की स्थापना की गयी है, जिनसे कम्पोस्ट खाद बनायी जा रही है। प्रदेश में 324 शहरों को सफाई मित्र सुरक्षित शहर घोषित किया गया है। साथ ही सफाई मित्रों की कार्यक्षमता संवर्धन के लिये समय-समय प्रशिक्षण भी आयोजित किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि हाल ही में रीवा नगर पालिका निगम में 158 करोड़ 67 लाख रूपये की लागत से वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट स्थापित किया गया है। इस प्लांट से प्रतिदिन 340 टन कचरे का ट्रीटमेंट किया जा रहा है। साथ एक दिन में 6 मेगावाट बिजली भी उत्पन्न की जा रही है। सात हजार से अधिक कचरा संग्रहण वाहन प्रतिदिन घर-घर जाकर कचरा संग्रहित कर रहे हैं। प्रदेश के सभी गांव ओडीएफ हैं और अब तक 78 लाख 31 हजार व्यक्तिगत शौचालय और 16 हजार 900 से अधिक सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण किया जा चुका है। प्रदेश के 44 हजार से अधिक गांवों को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, 48 हजार से अधिक ग्रामों को लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट और 41 हजार से अधिक ग्रामों को आडीएफ प्लस मॉडल बनाया गया है।

### स्वच्छता अभियान में हो रहे हैं अभिनव नवाचार

प्रदेश में 17 सितम्बर से प्रारंभ हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की अलख जगाई जा रही है। हर स्तर पर नागरिकों को स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाने के साथ प्रेरित भी किया जा रहा है। स्वच्छता-मित्रों को सम्मानित कर उनके हौंसले को बढ़ाना और उनके साथ सफाई कार्य करने के लिये मंत्रीगण और जन-प्रतिनिधि भी अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई कार्य में जुटे हुए हैं।



### *नो कार डे पर इलेक्ट्रिक स्कूटी पर निकले मेंदोला

**इंदौर।** वायु प्रदूषण, पेट्रोल डीजल की खपत और सड़को पर गाड़ियों की भीड़ कम करने के लिए इंदौर में मनाए जा रहे त्तनोट्ठकारद्धडे में विधायक रमेश मेंदोला ने भी पूरे मन से भाग लिया। आज विधायक श्री मेंदोला ने अपनी कार को विराम देकर लो स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटी की सवारी की। उन्होंने इसी इलेक्ट्रिक गाड़ी पर बैठकर लोगों को भाजपा का सदस्य भी बनाया।

# स्टूडियों से टैटू मशीन चोरी

### आर्टिस्ट की सूझबूझ से पकड़ाया आरोपी

इंदौर (नगर संवाददाता)। टैटू स्टूडियो से टैटू मशीन चोरी होने के मामले में आर्टिस्ट सूझबूझ से काम लिया और आखिरकार चोर पुलिस की गिरफ्त में आ गया। दरअसल आर्टिस्ट ने सोशल मीडिया पर मदद मांगी। चोरी के 5 दिन बाद बाद चोर 56 दुकान में मशीन बेचने पहुंचा। आर्टिस्ट को उसके परिचितों ने जानकारी दी। इसके बाद चोर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया गया।

पलासिया पुलिस के अनुसार घनश्याम माधव की शिकायत पर शंभु पिता पंजापराव निवासी नानाजी का बाड़ा विकास नगर, एमआईजी को पकड़ा है। घनश्याम ने बताया कि वह टैटू आर्टिस्ट है। पलासिया-गीता भवन के बीच वन टच टैटू नाम से स्टूडियो चलाता है।17 तारिख को वह स्टूडियो जाने के बाद किसी काम से बाहर गया। वापस आने के बाद स्टूडियो बंद किया और घर चला गया। दूसरे दिन सुबह 11 बजे स्टूडियो खोला तो वहां मशीन नही थी। जिसे लेकर सोशल मीडिया और कई वॉट्सऐप ग्रुप पर मैसेज किए। इस दौरान कई टैटू आर्टिस्ट को भी घटना की जानकारी दी।

### मशीन बेचने के लिए आया था

शनिवार को परिचित भावेन पटेल ने फोन पर किसी व्यक्ति द्वारा टैटू मशीन मार्केट में बेचने की जानकारी दी गई। सूचना पर घनश्याम उसके दोस्त के साथ वहां पहुंचा तो मशीन उसकी ही निकली। इसके बाद पूछताछ में शंभु ने चोरी की बात कही। इसके बाद थाने आकर आरोपी को पुलिस के सुपुर्द किया गया।

### बैग चोरी में संदिग्ध पकड़ाए

उधर, गांधी नगर इलाके में आरोपियों ने एक सुपर वाइजर का बैग बाइक से चुरा लिया। बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की शिना त की। पुलिस ने मामले में संदिग्ध लोगो को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक अर्जुन चौहान की शिकायत पर पुलिस ने पल्सर बाइक (एमपी 09 जेड़सी1373) के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने इसमें आरोपियों की शिना त की। अर्जुन ने पुलिस को बताया कि वह इन्फ्रा इंटीरियो कंपनी में सुपरवाइजर का काम करता है। हातोद रोड़ से गांधी नगर होते हुए कंपनी जा रहा था। इसी दौरान सुपर कॉरिडोर पर बाइक रोक लघुशंका करने गया। इस दौरान छोटा बैग बाइक पर टांग दिया। वापस आया तो पल्सर बाइक पर सवार युवक उसे लेकर भाग गए। नंबर देखने के बाद पुलिस को जानकारी दी। बैग में डॉक्यूमेंटट, मोबाइल व कुछ नगदी रूपए थे। जानकारी के मुताबिक आरोपियों ने छीनने की वारदात की थी। पुलिस ने उक्त मामला चोरी को लेकर कार्रवाई की है।

## कलेक्टर इंदौर आशीष सिंह आज नो-कार डे पर e_bike से सुबह 9 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुँचे

**इंदौर।** इंदौर में आज नो कार डे मनाया जा है ।इसी के चलते आज कलेक्टर इंदौर श्री आशीष सिंह आज नो-कार डे पर से सुबह 9 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुँचे ।उन्होंने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि आज का दिन नौकर डे के रूप में मनाए।

देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी आगे कदम बढ़ा रहा है। इसी क्रम में आज (रविवार को) इंदौर में 'नो कार डे' रहेगा। यानी शहर की सड़कों पर आज कारें दिखाई नहीं देंगी। स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों से कार छोड़कर परिवहन के अन्य साधनों का इस्तेमाल करने की अपील की है। दरअसल, पिछले साल इंदौर में 22 सितंबर को ही नो-कार डे मनाया गया था। उस दौरान शहर में कुल कारों की तुलना में 12 फीसदी कारें सड़कों पर कम निकली थीं। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया



कि पिछले साल 'नो कार डे' पर 12 फीसदी कारें कम चलने से करीब 80 हजार लीटर ईंधन की बचत हुई। सल्फर मोनो ऑक्साइड का उत्सर्जन 5.5 फीसद कम हुआ और कुल मिलाकर 18 प्रतिशत वायु प्रदूषण घटा। उन्होंने नागरिकों से पिछले वर्ष की सफलता को ध्यान में रखते हुए 'नो कार डे' पर साइकिल, ई-रिक्शा और सार्वजनिक परिवहन के अन्य साधनों का इस्तेमाल करने की अपील की है।

### क्षमा वाणी पर्व एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

**देवास(अंतिम यादव )।** पूज्य शासन गौरव, आचार्य भगवंत उमेशमुनीजी म.सा. के सुशिष्य बुद्धपुत्र, प्रर्वतक पूज्य श्री जिनेन्द्र मुनीजी म.सा. के आज्ञानुर्ती पूज्य श्री संदीप मुनीजी म.सा.पूज्य श्री सुहास मुनिजी म.सा. पूज्य श्री रत्नेश मुनिजी ढाणा 3 नित्य प्रवचन सुबह 9 से 10 बजे एवं दोपहर को वाचनी व संध्या प्रतिक्रमण रोजाना चल रहे है। पूज्य श्री की निश्रा में पर्युषणपर्व नित्य आराधना, एकासन, आयम्बिल उपवास बेला तैला, अड्डाई,मासखमण आदि तपस्या एवं उपवास की तपस्या के साथ पर्युषण पर्व की आराधना सम्पन्न हुई। आज महावीर भवन मुक्ति मार्ग पर देवास के आसपास के सभी क्षेत्रों से महाराज साहब के विहार के समय उनके रूकने एवं अन्य प्रकार की सेवा देने वाले महानुभाव का सम्मान किया गया। उन्हें सम्मान स्वरूप माला एवं स्मृति चिन्ह, एक दीवार घडी भेंट की गई। सम्मान समारोह में बांगर, पालखंदा, सिंगावदा, खटाम्बा, राजोदा, क्षिप्रा, बरोठा आदि जगह से कई सदस्य उपस्थित थे। पूज्य म.सा. के प्रवचन एवं मंगल पाठ पश्चात सम्मान समारोह में कई लोगों द्वारा क्षमावाणी पर अपने विचार व्यक्त किए। समारोह के अंत में धन्यवाद के पश्चात सभा समाप्ति और देवास के समस्त स्थानकवासी जैन का स्वामी वात्सल्य आयोजित किया गया। अध्यक्षता दिलीप सिंह चौधरी ने की। संचालन संगीता चौधरी ने किया एवं आभार पंकज जैन ने माना। उक्त जानकारी संघ के वरिष्ठ कल्याणमल जैन ने दी.

### बाइक में लगा दी आग

**इंदौर।** मामूली विवाद के बाद में आरोपी ने एक युवक को पीट दिया। इतना ही नहीं उसकी बाइक में भी आग लगाकर भाग गया। संजय कहार पिता बनेसिंह(×2) निवासी ब्राह्मण पीपल्या की शिकायत पर शिप्रा पुलिस ने बंटी के खिलाफ केस दर्ज किया है। संजय ने पुलिस को बताया कि घर के पास ही उनका आरोपी से विवाद हो गया था। इस पर आरोपी ने उनके साथ में गाली गलौज की। विरोध करने पर उसके साथ में मारपीट कर दी। कुछ देर बाद उसकी मोटर साइकिल में आग लगा दी और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया। उन्होंने गाड़ी में आग बुझाने की कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हो सका उनकी गाड़ी जल गई। पुलिस अब मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

### कचरा गाड़ी में लगी आग

**इंदौर।** रामबली नगर में नगर निगम की कचरा गाड़ी में आग लग गई। अभी आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फायर ब्रिगेड के अनुसार आग लगने की सूचना मिली थी इस पर करीब पांच हजार लीटर पानी की मदद से आग को बुझा लिया गया है। संभवतः कचरे में कोई चिंगारी आ जाने के कारण आग लगी।

### ट्रेन की चपेट में आया मजदूर,मौत

**इंदौर।** पटरी पार करने के दौरान एक मजदूर ट्रेन की चपेट में आकर कट गया। राजेंद्र नगर पुलिस ने बताया कि हुक्माखेड़ी स्थित लाल मल्टी के पास से गुजर रही रेलवे पटरी को पार करने के दौरान हादसा हुआ। करीब ×5 साल का एक श स रेलवे की पटरी पार कर रहा था और एकाएक वहां से गुजर रही ट्रेन ने उसे चपेट में ले लिया। घटना के दौरान उसका शव दो टुकड़ों में कट गया।

## एच आई वी, टी बी की दी जानकारी



इंदौर। आदित्य इनफॉर्मेशन मैनेजमेंट सोसायटी इंदौर FSW मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशानुसार सघन जागरूकता अभियान दिशा निर्देश मार्गदर्शन में आज पी एम काउंसलर एवं आउट रीच वर्कर द्वारा साई कोचिंग क्लासेस के संचालक श्री ललित जी एवं हायर सेकंडरी कक्षा के 75 छात्र छात्राओं को एच आई वी, एड्स, टी बी और एस टी आई, हेपेटाइटिस की जानकारी देते हुए एच आई वी के 4 कारण, बचाव और एचआईवी एक्ट 2017 के बारे में बताया गया एवम एच आई वी के टोल फ्री नंबर 1097 के बारे में जानकारी देते हुएं आई सी मैटेरियल डिस्ट्रीब्यूट किए गए।

## निमाड़ दिवस के अवसर पर ग्राहक संरक्षण कार्यक्रम



इंदौर। कसरावद में निमाड़ दिवस के अवसर पर अखिल निमाड़ लोक परिषद के गौरवशाली कार्यक्रम में कसरावद में निमाड़ दिवस के अवसर पर अखिल निमाड़ लोक परिषद के गौरवशाली कार्यक्रम में ग्राहक संरक्षण विषय पर अपनी बात रखने हेतु अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पं डी जी मिश्र अधिवक्ता को आमंत्रित किया गया।

ग्राहक पंचायत खरगोन के संयोजक महेश जी कुशवाहा,वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश जी जोशीला,पत्रकार दासोंधी जी,नर्मदा समग्र के मनोज जी जोशी, आकाशवाणी कलाकार नर्मदा दीदी डोलेकर, लोक गायिका अनुराधा दीदी शर्मा, सहितपूरे प्रदेश से पधारे 700 से अधिक विशिष्टजनों के मध्य हुए उद्बोधन में उन्होंने अन्य विषय के साथ खाद्य पदार्थों में मिलावट को विशेष रूप से इंगित किया।

इसे समझाने हेतु घी, मिर्च, धनिया आदि के उदाहरण दिए। सोशल मीडिया में महिलाओं को सावधानी पर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन इंदौर की सुखलिया इकाई की संयोजक संध्या दीदी पगारे ने किया। अन्त में सभी को जागृत ग्राहक - जागृत भारत पुस्तिका वितरित की गई।

## भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता महाअभियान



इंदौर। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में चल रहे सदस्यता महाअभियान के अंतर्गत युवा नेतृत्व आयुष शर्मा द्वारा बताया गया की आज वार्ड क्रमांक 6 के अंतर्गत मल्हारगंज में बूथ क्रमांक 299, 300, 301 में सदस्यता अभियान के अंतर्गत रहवासियों को भाजपा का सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर वार्ड सह संयोजक विजय यादव जी, मंडल उपाध्यक्ष अरुण जाट जी, बूथ अध्यक्ष घनश्याम बात्रा, आलोक शास्त्री, संगीता शर्मा, जगदीश नीमा एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नर्सिंग छात्राओं की PNST 2022 रिजल्ट के लिए भोपाल में भव्य शान्तिपूर्ण आंदोलन होगा



इंदौर। मध्यप्रदेश में नर्सिंग छात्राओं की पीएनएसटी 2022 रिजल्ट की मांग अब एक बार फिर से तेज हो गई है। निखिल मिश्रा शिवा के निर्देशानुसार 24 और 25 सितंबर को राजधानी भोपाल में दो दिवसीय शान्तिपूर्ण आंदोलन आयोजित किया जाएगा। इस आंदोलन में रीवा, सतना, मैहर, भोपाल, विदिशा, छिंदवाड़ा, सिवनी समेत प्रदेश के हर जिले से हजारों नर्सिंग छात्राएं भाग लेंगी।

छात्राओं ने पहले ही उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के रीवा आवास का घेराव कर आवेदन दिया था और मुख्यमंत्री मोहन यादव को छिंदवाड़ा में सैकड़ों छात्राएं आवेदन दे चुकी हैं। बावजूद इसके, विभाग में 3 से 4 बार आवेदन देने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला है। अब छात्राएं एक बार फिर भोपाल जाकर पुनः आवेदन देने का निर्णय ले चुकी हैं, और जब तक मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं होती, तब तक वहां धरने पर बैठने का संकल्प लिया है।

छात्राओं का कहना है कि जुलाई 2023 में हुई प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट के परिणाम अब तक जारी नहीं किए गए हैं। सामान्यतः परीक्षा के 1-2 महीने के भीतर रिजल्ट घोषित कर दिया जाता है, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। प्राइवेट नर्सिंग कॉलेजों में धड़ल्ले से प्रवेश हो रहे हैं, जबकि सरकारी कॉलेजों में प्रवेश के लिए छात्राओं को परिणाम का इंतजार करना पड़ रहा है।

निखिल मिश्रा शिवा ने स्पष्ट किया है कि यह आंदोलन राजनीतिक मकसद से नहीं, बल्कि नर्सिंग छात्रों के हित में है। उन्होंने कहा, छात्रा शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखेंगी और सरकार से अपील करेंगी कि जल्द से जल्द PNST 2022 के परिणाम घोषित किए जाएं।

# पंचायती राज के बावजूद पंचायतें आत्मनिर्भर नहीं प्रशासन की निष्क्रियता से बढ़ी समस्याएं

देपालपुर। पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद भी ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भर नहीं हो पा रही हैं, जबकि प्रदेश सरकार ने पंचायतों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं।



पंचायत चुनावों में स्थानीय पंचायत सरकार और प्रदेश सरकार के बीच तालमेल की कमी के कारण योजनाओं के क्रियान्वयन में दिक्कतें आ रही हैं। देपालपुर विधानसभा में राजनीतिक समीकरण बदलने के बाद भी ग्राम पंचायतों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है।

कांग्रेस के पूर्व विधायक विशाल पटेल के भाजपा में शामिल होने के बाद भी पंचायतों के कामकाज में ठोस प्रगति नहीं हो पाई है। ग्राम पंचायत कड़ोदा के सरपंच ओमप्रकाश बीसी और अन्य ग्रामीणों ने 108 ग्राम पंचायतों के साथ मिलकर 15 जुलाई 2024 को टप्पा तहसीलदार और एसडीएम देपालपुर को लिखित शिकायत सौंपी थी। शिकायत में सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों और पंचायत कार्यों में आ रही बाधाओं का उल्लेख था, लेकिन 22 सितंबर तक भी प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई नहीं हुई।

### अवैध कब्जों को लेकर ग्रामीणों की शिकायत

सरपंच ओमप्रकाश और गांव के अन्य लोग 27 अगस्त को एक बार फिर एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जब उन्होंने देखा कि खाली पड़ी सरकारी जमीन पर कुछ लोग धर्मशाला बनाने के लिए टिन शेड लगाकर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। शिकायत के बाद एसडीएम ने आवेदन तहसीलदार को भेजा और टप्पा तहसीलदार और पटवारी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। हालांकि, एसडीएम तहसीलदार मौके पर नहीं पहुंचे, केवल हल्का पटवारी ने जांच कर रिपोर्ट बनाई।

### आंगनवाड़ी परिसर के लिए प्रस्तावित बाउंड्रीवॉल भी अधर में

इसके अलावा, ग्राम पंचायत कड़ोदा द्वारा आंगनवाड़ी परिसर की बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 4 अक्टूबर 2023 को जनपद पंचायत से स्वीकृति प्राप्त की गई थी। इसके लिए तकनीकी स्वीकृति सहायक यंत्री मनरेगा द्वारा और प्रशासकीय स्वीकृति सरपंच ग्राम पंचायत कड़ोदा द्वारा एनआरईजीएस योजना के तहत दी गई थी। सर्वे नंबर 312 के तहत चिन्हित जमीन पर बाउंड्रीवॉल बनाने के लिए पंच परमेश्वर योजना के तहत भोपाल से 4,20,256 रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति भी मिल चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्य शुरू नहीं हो सका है।

### प्रशासन की निष्क्रियता से नाराज ग्रामीण

पूर्व सरपंच के कार्यकाल में भी समतलीकरण के लिए तीन लाख रुपये की लागत से मिट्टी डाली गई थी, लेकिन अभी तक जमीन पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है। दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद प्रशासन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने में असफल साबित हो रहा है। इस स्थिति से ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भर बनने के बजाय और भी परेशानियों में घिरती जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की निष्क्रियता के कारण पंचायती योजनाओं का क्रियान्वयन अधर में लटका हुआ है।

### इनका कहना है-

नायाब तहसीलदार गौतमपुरा अपने राजस्व अमले के साथ में 7 सितंबर को मौका देखने आए थे मौका पंचनामा में उन्होंने पाया कि आंगनबाड़ी की भूमि पर अतिक्रमण है कार्रवाई का भरोसा दिलवाया लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**ओमप्रकाश बीसी सरपंच**
**ग्राम पंचायत कड़ौदा**

# मेडी-केप्स ने सिटी विश्वविद्यालय ऑफ सिएटल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

इन्दौर। मेडी-केप्स विश्वविद्यालय ने सिटी विश्वविद्यालय ऑफ सिएटल, अमेरिका के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये, जिसके अंतर्गत एक दोहरी डिग्री कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही, छात्रों के लिए अद्भुत छात्र विनिमय और समर स्कूल के अवसर भी उपलब्ध होंगे।



यह साझेदारी विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए वैश्विक अनुभव को और अधिक समृद्ध बनाएगी। ऐसा मीडिया प्रभारी डॉ कुबेर दत्त गौतम ने बताया । समझौते पर हस्ताक्षर करने की विधि में माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) डी.के. पटनायक, और कई प्रमुख विश्वविद्यालय अधिकारी शामिल हुए, जिनमें श्री पलाश गर्ग, कुलाधिपति के विशेष कर्तव्य अधिकारी; प्रोफेसर (डॉ.) एस.डी. उपाध्याय, प्रभारी सहयोग के प्रमुख, प्रोफेसर (डॉ.) प्रमोद नायर, अधिष्ठाता अभियांत्रिकी; और प्रोफेसर कल्याण साहू, प्रबंधन विभागाध्यक्ष शामिल थे । यह समझौता सिटी विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय छात्र सेवाओं के निदेशक श्री एंटोनियो एसकेड फ्लोरेस और मेडी-केप्स विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री पी. सिलुवैनाथन ने हस्ताक्षर किए। प्रोफेसर रविंद्र पाठक, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के प्रमुख, ने इस सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए विशिष्ट मेहमानों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम का समन्वय प्रोफेसर नीरज यादव, प्रोफेसर त्रप्ति मिश्रा और डॉ. नीतिक मुखर्जी ने किया।

## व्यापारियों के हित में बड़ा फैसला

### जीएसटी एक्ट अपने आप में संपूर्ण, विभाग द्वारा मामलों में सीधे पुलिस कार्रवाई की जरूरत नहीं

इन्दौर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की खंडपीठ इन्दौर ने मेसर्स अग्रवाल सोया एक्सट्रैक्ट्स की याचिका पर सुनवाई करते यह निर्णय दिया कि जीएसटी कानून अपने आपमें एक पूर्ण तथा सक्षम विशेष कानून है। उसकी धाराओं के अंतर्गत गलती करने वाले व्यवसायी पर कार्रवाई की जा सकती है, तो उसी विवाद में सीधे पुलिस में केस दर्ज करना गलत है। हाईकोर्ट के इस निर्णय से जीएसटी करदाताओं और व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा जीएसटी अधिनियम की धारा 132 (6) में कमिश्नर की अनुमति लेने के बाद नोटिस जारी किया जा सकता है, इसको न करते हुए विभाग द्वारा सीधे पुलिस में कार्रवाई दर्ज करना गलत है। एफआईआर निरस्त की जाती है। प्रकरण कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि जुलाई 2021 में जीएसटी अधिकारियों ने फर्म मेसर्स अग्रवाल सोया एक्सट्रैक्ट्स पर छापामार कार्रवाई की थी। कार्रवाई के बाद विभाग ने पाया कि फर्म ने बिना माल सप्लाई किए इनपुट टैक्स क्रेडिट/टैक्स रिफंड में गड़बड़ी की है। जिसके बाद दिसंबर 2022 में विभाग ने फर्म के मालिक के खिलाफ धारा 420, 467, 468 और 471 के तहत पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई। इसके विरुद्ध फर्म ने हाईकोर्ट की शरण ले तर्क दिया कि जीएसटी एक्ट अपने आप में संपूर्ण एक्ट है, जिसमें अपराधों के लिए पेनल्टी सहित तमाम कार्रवाई का प्रावधान है।

## सरकारी कर्मचारियों को अब दो साल और मिलेगा एलटीसी का लाभ

इंदौर। केंद्र सरकार ने लीव ट्रैवल कंसेशन (एलटीसी) के तहत जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और पूर्वोत्तर क्षेत्र की यात्रा की अनुमति देने वाली योजना को दो साल तक बढ़ा दिया है। अब सरकारी कर्मचारी जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और पूर्वोत्तर क्षेत्र की हवाई यात्रा 25 सितंबर 2026 तक कर सकेंगे। पहले यह योजना 25 सितंबर 2024 को समाप्त हो रही थी।

पात्र केंद्र सरकार के कर्मचारियों को एलटीसी का लाभ उठाने पर पेड लीव के अलावा आने-जाने की यात्रा के टिकटों की प्रतिपूर्ति भी मिलती है। कार्मिक मंत्रालय ने एक आदेश में कहा गया है कि सभी पात्र कर्मचारी चार साल की ब्लॉक अवधि में अपने एक होम टाउन एलटीसी में बदलाव के बदले जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और पूर्वोत्तर क्षेत्र में किसी भी स्थान पर जाने के लिए एलटीसी के हकदार हैं, जो एम्?पलॉई एयर ट्रैवल के हकदार नहीं हैं, उन्हें भी इन क्षेत्रों के लिए किसी भी एयरलाइन की इकोनॉमी क्लास में यात्रा की अनुमति दी गई है। आदेश के मुताबिक सरकारी कर्मचारी जो हवाई यात्रा के लिए इलिजिबल हैं, वे अपने हेडक्वार्टर से हकदार श्रेणी में फ्लाइट बुक कर सकते हैं। गैर-हकदार कर्मचारी कुछ खास रूट्स पर इकोनॉमी क्लास में हवाई यात्रा कर सकेंगे। इन रुट्स में कोलकाता, गुवाहाटी और पूर्वोतर क्षेत्र में किसी भी स्थान के बीच कोलकाता, चेन्नई, विशाखापत्तनम और पोर्ट ब्लेयर के बीच तथा दिल्ली, अमृतसर और जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के किसी भी स्थान के बीच के रूट शामिल हैं।

# देपालपुर में डेंगू का संकट: नगर परिषद और ग्राम पंचायतों की लापरवाही ने बढ़ाई चिंता

देपालपुर (संदीप सेन)। नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू बुखार का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय जनता में गहरा भय व्याप्त है। इस गंभीर समस्या का मुख्य कारण गंदगी और अव्यवस्थाएं हैं, जबकि स्वास्थ्य विभाग अपनी पूरी ईमानदारी से काम कर रहा है।

हालांकि, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों की सफाई व्यवस्था बेहद कमजोर साबित हुई है। पेयजल स्त्रोतों के आस-पास गंदगी का साम्राज्य फैल गया है और जल जमाव की स्थिति ने मच्छरों के प्रजनन को बढ़ावा दिया है। इसके बावजूद, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों द्वारा डेंगू के नियंत्रण के लिए आवश्यक दवाई छिड़काव में भी गंभीर चूक हुई है।




स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब उन्होंने अधिकारियों से शिकायत की, तो कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस लापरवाही के चलते अस्पतालों में डेंगू के मामलों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है, और मरीजों को आवश्यक उपचार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग की मेहनत के बावजूद, सफाई व्यवस्था की कमी ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है। क्षेत्र के निवासियों ने शासन और प्रशासन से अपील की है कि वे इस समस्या का तत्काल समाधान करें और नगर परिषद तथा ग्राम पंचायतों पर उचित दबाव डालें।


यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह संकट और भी बढ़ सकता है, जिससे जनस्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न होगा। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब कार्रवाई करेगा और नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देगा।

# कार्मिकों के अथक परिश्रम से मिलती है संस्था को सफलता : श्री तोमर

## बिजली कार्मिकों ने दी श्री अमित तोमर को भावपूर्ण विदाई

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** टीम भावना और कर्मचारियों-अधिकारियों की मेहनत से ही किसी भी विभाग या संस्था के उद्देश्यों को पूरा करने में सफलता मिलती है। पश्चिम क्षेत्र बिजली कंपनी में मेरा कार्यकाल भी कर्मचारियों व अधिकारियों की मेहनत से सफल रहा और मैं कठिन से कठिन चुनौतियों को भी पार कर सका। ये विचार मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के चार वर्ष तक एमडी रहे व वर्तमान में प्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग अपर सचिव श्री अमित तोमर के है। रविवार दोपहर विजय नगर क्षेत्र में आयोजित विदाई समारोह में उन्हें






कंपनी की नवागत एमडी सुश्री रजनी सिंह की मौजूदगी में विदाई दी गई। इस अवसर पर सुश्री रजनी सिंह ने कहा कि श्री तोमर के साथ मुझे खंडवा में भी कार्य करने को मिला और उनके द्वारा सीखी गई कई बातें विभागीय कार्यों को कुशलतापूर्वक संचालित करने में काम आएगी। सुश्री रजनी सिंह ने कार्मिकों से सेवाओं के प्रति समर्पित और समय पालन को लेकर गंभीरता बरतने को कहा। इस अवसर पर कंपनी के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य को भी विदाई दी गई।

आयोजन में मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निदेशक श्री पुनीत दुबे, श्री सचिन तालेवार, कार्यपालक निदेशक श्री गजरा मेहता, मुख्य अभियंता श्री एसआर बमनके, श्री बीएल चौहान, श्री आरके नेगी , श्री रवि मिश्रा, श्री गिरीश व्यास, श्री एससी वर्मा आदि उपस्थित थे। अधिकारियों ने शाल, श्रीफल, साफा तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर श्री तोमर व श्री वैश्य को विदाई दी और सुश्री रजनी सिंह का स्वागत गरिमापूर्ण किया। संचालन श्रीमती अंजलि विश्वकर्मा ने किया।

## जन अभियान परिषद के छात्रो ने ली शपथ, कॉलेज परिसर में की सफाई



**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना।** मप्र शासन के निर्देश पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत आज जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर सुसनेर में मप्र जन अभियान परिषद एवं एमएसडब्ल्यू व बीएसडब्ल्यू के सोशल वर्कर छात्रों द्वारा शपथ ली गई। उसके पश्चात तहसील रोड़ स्थित स्वामी विवेकानंद कालेज परिसर में सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर परामर्शदाता विष्णु राठौर, कैलाश विश्वकर्मा, देवकरण विश्वकर्मा व विद्यार्थीगण मोजूद रहे।

## उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान-साक्षर बनने 197 केन्द्रो पर 5000 लोगो ने दिया इम्तिहान



**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना।** 15 वर्ष से अधिक की उम्र वाले असाक्षरो को साक्षर बनाने हेतु मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर शिक्षा विभाग के द्वारा विकासखंड में उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत रविवार को शिक्षा विभाग के द्वारा संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें विकासखंड के शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक सरकारी स्कूलो को चयन कर 197 परीक्षा केन्द्र बनाए गए। जिन पर 9 हजार से भी अधिक संख्या दर्ज थी इन केन्द्रो पर 5000 के लगभग लोगो ने साक्षर बनने के लिए परीक्षा दी। इस अभियान के तहत आयोजित की गई इस परीक्षा में परीक्षाथियों के द्वारा हिन्दी, गणित और पर्यावरण के पेपर हल किए गए। सभी पेपर 50-50 अंक के रहे। इस परीक्षा का समय भी पूरे 3 घंटे रहा। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी, बीआरसी राधेश्याम पाटीदार के द्वारा इस परीक्षा का निरीक्षण भी किया गया। उन्होने बताया की क्षेत्र में सोयाबीन की फसल पककर तैयार हो चुकी है तो कही पर फसल कटाई का कार्य शुरू हो गया है। इसलिए परीक्षा देने वालो की संख्या में कमी आई है। हमारे द्वारा प्रयास किया जाएगा की अधिक से अधिक लोगो को साक्षर बनाया जा सके। इस दोरान विकासखण्ड सह समन्वयक साक्षरता ईश्वर औसारा, बीएससी संतोष भैनिया, विजय जैन, मुकेश पालीवाल एवं समस्त जनशिक्षको और संकुल सह समन्वयक के द्वारा समस्त परीक्षा केंद्रों का अवलोकन किया गया।

## महाराष्ट्र से वैष्णो देवी दर्शन के लिए 2000 किमी साइकिल से निकले 5 श्रद्धालुओं का किया स्वागत



**सुसनेर।** महाराष्ट्र के धारणी मेलघाट से जम्मू कश्मीर के कटरा के समीप स्थित माँ वैष्णोदेवी माताजी के दर्शन के लिए लगभग 2000 किमी की साईकिल यात्रा के माध्यम से दर्शन करने हेतू निकले पाँच भक्त अशोक भावसार, ललित जोशी, चंदूलाल खटवानी, मदन येवले एवं रवि शंकर मावस्कार का शनिवार को सुसनेर पहुँचने पर इन पांचों श्रद्धालुओं का हारफुल माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। एवं शुभकामनाएं देकर इनको स्थानीय इंदौर कोटा मार्ग पर स्थित विश्राम गृह से विदा किया। इस अवसर पर दिनेश भावसार, दीपक भावसार, कमल भावसार, जगदीश भावसार, हेमन्त भावसार, भरत भावसार, रामप्रसाद भावसार आदि उपस्थित थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने डाक बंगले पर बनाए पार्टी के सदस्य



**सुसनेर।** भाजपा के द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के अन्तर्गत रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर सुसनेर पहुंचे उन्होने नगर के डाक बंगला तिराहे पर नागरिको को पार्टी की विचारधारा से जोडने हेतु पार्टी की सदस्यता दिलवाई। लिंक के जरीए रहवासीयो के मोबाइल नम्बर जोडकर के ओटीपी व विधानसभा की जानकारी दर्ज की गई। इस दोरान पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र सांवला, ईश्वर काँवल, पार्षद प्रदीप सोनी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत कार्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**खरगोन।** वस्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शासकीय कार्यालयों में भी साफ सफाई के लिए श्रमदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में 22 सितंबर को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह के नेतृत्व में जिला पंचायत के कर्मचारियों ने जिला पंचायत कार्यालय परिसर में साफ सफाई के लिए श्रमदान किया।

जिम्मेदार ध्यान दे :

# पहले बामनियाखेड़ी की पुलिया का पुर्ननिर्माण कर बढ़ाई जाए ऊँचाई, उसके बाद नदी किनारे बनाए रिटर्निंगवाल





**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना।** नगर परिषद मेला ग्राउंड क्षेत्र में कंठाल नदी के समीप मठ मंदिर के पास स्थित आरामशीन से रिटर्निंगवाल बनाकर मुक्तिधाम तक पहुंच मार्ग का निर्माण करने की योजना तैयार कर रहीं है। लेकिन अभिमन्यु की तरह ही आधे अधूरे ज्ञान के कारण इस योजना का पुरा पैसा पानी में बह जाएगा, वो कैसे....आइए आपको बताते है। दरअसल मेला ग्राउंड में बामनियाखेड़ी मार्ग की पुलिया जिस पर वर्षाकाल में हल्की बारिश में ही पानी घुटनो तक भर जाता है। जिसके कारण आवागमन बन्द हो जाता है। इसका पुर्ननिर्माण कर इसकी ऊँचाई पहले बढ़ाई जाना चाहिए उसके बाद इस रिटर्निंगवाल व रास्ते का निर्माण किया जाना चाहिए। यदि पुलिया के पुनर्निर्माण से पहले रिटर्निंगवॉल बनाकर रास्ता बना दिया गया तो बाद में पुलिया की ऊँचाई बढ़ने के कारण यह रिटर्निंग वॉल व रास्ता नीचे ही रह जायेगा ओर योजना के लाखो रुपये पानी मे बह जाएंगे।

### सांसद ने पुलिया के निर्माता के लिये भेज रखा है प्रस्ताव

बामनियाखेड़ी मार्ग की पुलिया के पुनर्निर्माण के लिये क्षेत्रिय सांसद रोडमल नागर के द्वारा प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। जिस पर शासन द्वारा स्वीकृति मिल जाने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। यदि ऐसा होता है इस मार्ग पर बारिश के दौरान आवागमन बन्द नही होगा और दर्जनभर गावो का शहर से जीवित संर्पक जुड़ा रहेगा।

### क्या बोले इंजीनियर

इस सम्बंध में हमारे द्वारा नगर परिषद के इंजीनियर अरुण गोड से चर्चा की गई तो उन्होने बताया कि यह बात आपके द्वारा संज्ञान में लाई गई है। परिषद द्वारा पहले पुलिया के निर्माण कराने के प्रयास किये जाएंगे उसके बाद ही रिटर्निंगवाल व मुक्तिधाम पहुंच मार्ग का निर्माण होगा।

### इन्होंने किया निरीक्षण

स्थानीय कंठाल नदी के समीप स्थित बामनिया खेड़ी मार्ग की पुलिया के पास अनिल जैन काकाजी की दुकान के समीप से इतवारीया श्मशान घाट तक कंठाल नदी पर रिटरिंग वाल एवं श्मशान घाट पहुँच मार्ग का निर्माण अधोसंरचना अंतर्गत किये जाने हेतु स्थल का निरीक्षण स्थानीय श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर मठ के समीप रविवार को पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया, मठ समिति के सदस्य टेकचंद गहलोत, सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु भावसार, गोविंद राठौर, संजय तिवारी, धर्मेंद्रसिंह उमठ, भगवानसिंह आर्य, रोहित सोलंकी आदि ने किया।

## बेटियॉ देश का भविष्य, उनकी सुरक्षा हम सबका दायित्व : अरूण यादव



**बोरावां ।** प्रियदर्शिनी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, बोरावां में बेटी जागरूकता अभियान - पहचान हक और सम्मान के अंतर्गत शनिवार 21 सितम्बर 2024 को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया ।

इस महत्वपूर्ण आयोजन का समन्वय जीआरवाई फार्मेसी के प्राचार्य, डॉ. सुजीत पिल्लई द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा 6 से 12 तक की 300 से अधिक छात्राएँ और उनकी माताएँ विशेष रूप से सहभागी बनीं। इस सेमिनार की मुख्य अतिथि, गवर्नमेंट पीईटीसी, इंदौर की प्राचार्या, डॉ. अल्का भार्गव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्राओं को माता सीता के पौराणिक प्रसंग से प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रावण ने माता सीता का हरण तो किया, परंतु उनकी पवित्रता को भंग नहीं कर सका। माता सीता की दृढ़ता और उच्च चरित्र ने समाज में एक आदर्श प्रस्तुत किया, जो हर युग में प्रासंगिक है। डॉ. भार्गव ने छात्राओं और माताओं को आधुनिक समय में महिलाओं के समक्ष उत्पन्न होने वाली चुनौतियों, जैसे दुराचार और अनैतिक व्यवहार, से निपटने के लिए मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त होने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. भार्गव ने आगे कहा कि प्रत्येक छात्रा को आत्मरक्षा के लिए विभिन्न प्रशिक्षणों में भाग लेना चाहिए और माता-पिता को अपने बच्चों के मित्र बनकर उनकी मानसिकता, व्यवहार और संगति पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि उत्तम चरित्र सबसे बड़ा धन है, और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर के प्रेरणादायक जीवन से छात्राओं को शिक्षा लेनी चाहिए।



## स्वछता पखवाड़ा महाअभियान के अंतर्गत स्वछता को सेवा मान प्रतिदिन की जा रही साफ सफाई

**भगवानपुरा।** स्वछता ही सेवा के अंतर्गत जन अभियान परिषद के बिएस डब्लूयु एमएस डब्लूयु सामाजिक पाठ्यक्रम के छात्र–छात्राओं नें कि साफ–सफाई की साथ ही स्वछता का संदेश देते हुवें प्लास्टिक मुक्त ग्राम का सन्देश उनके द्वारा दिया गया ।

उनके द्वारा बताया गया की 17 सितम्बर सै 2 अक्टूबर चलने वाले इस स्वछता पखवाडे अभियान में स्वभाव स्वछता संस्कार स्वछता के लिये प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरुरी है साथ ही स्वछता को प्रत्येक नागरिक को अपने संस्कार में लाना चाहिये तभी व्यक्ति अपने व अपने ग्राम का स्वच्छ व साफ सुथरा रख पायेगा अभियान के मुख्य बिंदु स्वछता की भागीदारी सम्पूर्ण स्वछता एवं सफाई मित्र स्वछता शिविर के तहत गतिविधिया सम्पन्न प्रतिदिन की जा रही है साथ ही जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक महेश कुमार खराड़े सर नें भीं स्वछता पर अपने विचार रख बताया की प्रत्येक ग्राम स्तर छात्र द्वारा दूषित जगह का चयन कर उसे स्वछत करना ही हमारा परम् लक्ष्य होना चाहिये इस दौरान परामर्शदाता कान्हा जायसवाल यशवंत निमोले खुमसिंह सोलंकी पर्वत सिसोदिया संजय सोलंकी जिलाध्यक्ष संतोष मेहता पैसा एक्ट के रवि सोलंकी छात्र -छात्राए आदि मौजूद थे.




## उल्लास नवभारत साक्षरता के अंतर्गत असाक्षरो के लिए हुई परीक्षा

**खरगोन।** उल्लास नवभारत साक्षरता के अंतर्गत 22 सितंबर को संकुल केंद्र बालक भीकनगांव में असाक्षरो की संकुल केंद्र के सभी ग्राम में परीक्षा का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक श्री आयुष वर्मा और दीपचंद वर्मा द्वारा बताया गया कि संकुल केंद्र में 5011असाक्षर है। जिनमें संकुल अंतर्गत 22 सितंबर को सभी ग्राम में लगभग 560 असाक्षरो ने परीक्षा दी। विकासखंड समन्वयक साक्षरता प्रभारी श्री नरेश यादव द्वारा बताया गया कि विकासखंड में लगभग 45689 असाक्षर है। जिसमें विकासखंड के समस्त ग्राम में 5021 में लगभग असाक्षरो के द्वारा परीक्षा दी गई। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता प्रदान किया जाना है। यह कार्यक्रम जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के माध्यम से जिले में क्रियान्वित किया जा रहा है। इस दौरान सुषमा सिसोदिया, प्रितिबाला मंडलोई, अक्षर साथी भागीरथ मुजाल्दे, सुनिता चौहान, उपस्थित थे।

## शाहपुर पंचायत में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**खरगोन।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत गोगावा की ग्राम पंचायत शाहपुर में सिंगल यूज़ प्लास्टिक का एकत्रीकरण कर स्वच्छता अभियान चलाया गय। साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा प्लास्टिक के ढेर को हटवा कर साफ सफाई का कार्य कर लोगों को स्वच्छता बनाएं रखने का संदेश दिया गया।



## काकड़िया स्कूल के बच्चों को हाथ धुलाई का महत्व बताया

**खरगोन।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत भगवानपुरा के ग्राम काकड़िया के स्कूल में बच्चों को हाथ धुलाई का महत्व बताया गया और उन्हें स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान बच्चों ने अपने स्कूल परिसर में साफ सफाई के लिए श्रमदान भी किया। बच्चों को हाथ धुलाई के दौरान बताया गया कि शौच से आने के बाद और खाना खाने के पहले साबुन से हाथ अवश्य धोना चाहिए और यही आदत अपने परिवार के सभी सदस्यों को डालना चाहिए। इससे हम बीमारियों से बच सकेंगे और बीमारी के उपचार में होने वाले व्यय की भी बचत होगी।



## भीकनगांव में मनाया गया बेटी दिवस कार्यक्रम

**खरगोन।**

जन अभियान परिषद द्वारा संचालित एमएसडब्ल्यू बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं के साथ 22 सितम्बर को जननायक टंट्या मामा महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस मनाया गया।

जिसमें परामर्शदाता अर्पित जायसवाल द्वारा बताया गया कि बेटियां ईश्वर का वरदान है।बेटियां जीवन का आधार है, हमारी देवी स्वरूपी बैटियो का भविष्य है। परामर्शदाता भागीरथ मुजाल्दे द्वारा बताया गया आज जो बेटी है वह पिता का गर्व है और सभी उपस्थित बेटीयो को शुभकामनाएं दी इस दौरान कार्यक्रम में परामर्शदाता मुकेश राठौड़, सोनिया जायसवाल, रीना चौहान, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं, डॉ बाबुलाल बेस, गणेश प्रजापत, अंकित नायक, दीपिका, राजरानी, राखी आरती, निकिता, नंदनी, सोनाली, भारती, मनीष, अंशुल, रोहित, भावना, उर्मिला, बरखा, मालती, पिंकी सहित सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी उपस्थित थे।



## ओंकारेश्वर में स्वच्छता ही सेवा अभियान चल रहा 23 सितंबर को रंगोली प्रतियोगिता होगी

**ओंकारेश्वर ( नि प्र )।** नगर परिषद ओंकारेश्वर में स्वच्छता ही सेवा अभियान की मुहिम चलाई जा रही है जिसमें 23 सितंबर को प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक ब्रह्मपुरी घाट पर विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया है। ब्रांड एंबेस्टर श्रीमती ममता दुबे ने बताया की नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मनीषा परिहार सीएमओ संजय गीते निकाय के समस्त अधिकारी कर्मचारी सफाई मित्र एवं जनप्रतिनिधि पार्षद गण तथा समस्त संत गन ,पत्रकार गण व मातृ सेवा



संगठन ,नगर के नागरिक गण समाजसेवी , मां नर्मदा मैया के जल को स्वच्छ व घाटों को साफ रखने हेतु श्रमदान करेगे नगर परिषद ने सभी से अपील करते हुए कहा अपने नगर ओंकारेश्वर पवित्र भूमि को स्वच्छ रखने हेतु अपना कर्तव्य निभाएं।और नगर परिषद कार्यालय के नीचे प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है जिसमें निकाय की स्व सहायता समूह की महिला और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निकय के सभी भाग ले सकते हैं 10ः30 से 11ः00 तक प्रतिभागी को रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेना है निकाय में आकर अपना नाम दे सकते है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए लायन्स ने किया पौधारोपण



**खण्डवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए लायन्स क्लब खण्डवा की पूर्व कोषाध्यक्ष लायन मधुबाला शेलार के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र मथेला में सदस्यों द्वारा छायादार व फलदार पौधों का पौधारोपण किया गया साथ ही उनके संरक्षण का दायित्व भी दिया गया। अधिक जानकारी देते हुए लायन नारायण बाहेती ने बताया कि पौधारोपण अभियान की सफलता के लिए जागरूकता और जिम्मेदारी जरूरी हैं और आज मातृ शक्ति भी जागरुकता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने को कृत संकल्पित होकर इस अभियान में अपना योगदान देने हेतु तैयार हैं। इस मौके पर वरिष्ठ साथी लायन गुरमीत सिंह उबेजा ने कहा कि लगातार वनों की कटाई से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ी है और तापमान अप्रत्याशित रूप से 47 से 50 डिग्री सेल्सियस के स्तर तक पहुंच गया है। इस बात को ध्यान में रखते हुए सभी को अपने आस-पास और विशेषकर किसानों को अपनी मेड़ों पर पौधे लगाने चाहिए ताकि वे पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकें।सचिव घनश्याम वाधवा ने कहा कि लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा नियमित रूप से पौधारोपण जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा हैं और यह आगे भी जारी रहेगा।इस अवसर पर लायन्स क्लब खण्डवा के गांधीप्रसाद गदले, राजीव शर्मा, सनत श्रीमाली, रेखा रामस्नेही, बलिराम तिरोले, मुकेश मैथिल, सुरेन्द्र श्रीमाली, अनिल शेलार, सुशीला गदले, लियो मयूर शेलार, प्रियंका शेलार आदि उपस्थित रहें।

## श्राद्ध पक्ष में रेलवे ब्रिज की मुंडेर बनी कौवे एवं पक्षियों की भोजन शाला



**खंडवा ।** श्रद्धा पक्ष के दौरान हिंदू धर्म में अपने दिवंगतो आत्माओं के लिए श्राद्ध और तर्पण कर ब्राह्मण एवं दीन दुखियों को भोजन कराया जाता है,जिससे दिवंगत आत्माओं को मोक्ष एवं शांति की प्राप्ति होती है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि श्राद्ध पक्ष में कौवा को भी भोजन करने की परंपरा है, कौवे शहर में देखने को नहीं मिलेंगे लेकिन रेलवे ओवर ब्रिज के आसपास के पेड़ों पर पर श्राद्ध पक्ष में जरूर पहुंच जाते हैं ।

श्राद्ध पक्ष में रेलवे ब्रिज की मुंडेर पशु पक्षियों और कौवा के लिए के लिए भोजन शाला बन जाती है। अश्वनी कृष्ण पक्ष में 16 दिन श्रद्धा मनाया जाता है, सुबह और शाम लोग रेलवे ब्रिज पर जाकर कौवे और पशु पक्षियों को भोजन कराते हैं । कौवा के साथ ही कोयल, तोते, चिडिय़ा आदि आकर भोजन ग्रहण करती है । श्रद्धालु अपने घरों से भोजन बनाकर लाकर रेलवे और ब्रिज की मुंडेर पर रखते हैं कौवे पशु पक्षी जाकर भोजन ग्रहण कर जल भी ग्रहण करते हैं ,कौवा को भोजन करते देख श्रद्धालु खुश होते हैं। पशु पक्षियों के इस भोजन में पूरी, सब्जी, हलवा, जलेबी से लेकर श्रद्धालु पोहा,बिस्किट, ब्रेड और अन्य खाद्य सामग्री भोजन हेतु रखी जाती है। श्राद्ध पक्ष के साथ वर्षभर श्रद्धालु इस स्थान पर पशु पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करते हैं। विगत तीन-चार सालों से रेलवे पुल की मुंडेर पर पशु पक्षियों को दाना पानी खिलाया जा रहा है। श्राद्ध पक्ष में कौवा को भोजन करना एक पुण्य कार्य माना गया है जिससे दिवंगत आत्माओं को शांति एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है।



# मारुति कंस्ट्रक्शन ने मेंटेनेंस का भुगतान नहीं होने पर नगर परिषद को थमाया नोटिस

## सीएमओ ने राशि नहीं भरने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने प्रारंभ किये

**ओंकारेश्वर - ( ललित दुबे )।** ओंकारेश्वर में विगत कई वर्षों से मारुति कंस्ट्रक्शन द्वारा मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना का संचालन एवं संधारण कर रहा है ।

पिछले 3 माह का भुगतान नहीं होने पर मारुति कंस्ट्रक्शन ने मजबूर होकर नगर परिषद को अधिवक्ता के माध्यम से थमाया नोटिस सीएमओ संजय गीते द्वारा नगर परिषद के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया जिन नगर वासियों के नल कनेक्शन अवैध हैं जिन उपभोक्ताओं ने पेयजल योजना का लाभ ले रहे हैं लेकिन भुगतान नहीं कर रहे हैं ऐसे कनेक्शन को शीघ्र काटा जाए रविवार को नगर परिषद की टीम ने 10 से 12 कनेक्शन काटे नगर परिषद की वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं होने से कर्मचारियों के वेतन के लाले पड़े हुए हैं नगर परिषद ने आयुक्त नगरीय प्रशासन को पत्र लिखकर मारुति कंस्ट्रक्शन के बकाया भुगतान एवं संधारण के लिए राशि के आवंटन का पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना ओंकारेश्वर के संचालन संधारण का विगत 1 वर्ष 6 माह का भुगतान, कार्य पूर्ण होने के पश्चात् भी नही होने के कारण योजना का कार्य एवं नगर में जल वितरण 24 सितम्बर से अनिश्चित समय के लिए बंद किया जाना है रमणीक भाई पटेल ने बताया की 7पेयजल योजना का क्रियान्वयन का कार्य मेसर्स मारुती कंस्ट्रक्शन कंपनी अहमदाबाद द्वारा किया जा रहा है ।

जलप्रदाय योजना का कार्य बिओक्यू के अनुरूप पूर्ण होने के पश्चात ठेकेदार द्वारा एक जुलाई 2019 से तीस जून 2024 तक विगत 5 वर्ष से संचालन संधारण का कार्य सुचारू रूप से पूर्ण कर दिया गया है 7 योजना के संचालन संधारण कार्य उपरांत भुगतान, समयावधि एक अप्रैल 2023 से तीस सितम्बर 2024 (1 वर्ष 6 माह) तक कुल राशि देयक राशि- रूपये 90,36,358/- (नब्बे लाख छतीस हजार तीन सौ अठावन रु.) का भुगतान निकाय द्वारा नहीं किया जा रहा है 7 एवं निकाय द्वारा आगामी समयावधि एक जुलाई 2024 से 31 सितम्बर 2024 तक बढ़ोतरी की गयी है, एवं यह अवधि भी पूर्ण होने वाली है, हमारे द्वारा निकाय को संदर्भित पत्रों के माध्यम से समय- समय लगभग 25-30 बार अवगत कराया गया है कि भुगतान न होने की स्थिति से योजना के संचालन साधारण में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन 6 माह से बकाया है जिससे सभी को वित्तीय समस्या होने के कारण कई मुसीबतो का सामना करना पढ़ रहा है । ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत किये गये योजना के संचालन संधारण के बिलों के भुगतान एवं निराकरण अभी तक नही किया गया है इसलिए ठेकेदार मारुती कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा पत्र क्र.288 - 11 सितम्बर 2024, को योजना कार्य 15 सितम्बर 2024 से योजना के सभी बिलों के भुगतान होने तक मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के सम्पूर्ण घटकों का चलित कार्य एवं योजना में संचालित दोनों इन्टेक वेल एवं दोनों वाटर ट्रीटमेंट प्लांटो को बंद किये जाने की सुचना दी गयी थी परन्तु वर्तमान तक कोई निराकरण नही हुआ इसलिए योजना में कार्यरत समस्त कर्मचारीयो द्वारा 24 सितम्बर 2024 को सम्पूर्ण नगर में पेयजल वितरण का कार्य बंद कर दिया जायेगा

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

निकाय की वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं है कर्मचारियों को अवैध नल कनेक्शन उपभोक्ताओं तथा होटल लॉज गेस्ट हाउस निवासियों द्वारा बिल भुगतान समय पर नहीं किए जाने के कारण कनेक्शन काटने के निर्देश दिए गए

**संजय गीते सीएमओ नगर परिषद ओंकारेश्वर**

प्रत्येक तीन माह का बिल रु पंद्रह लाख होता हे, एवं डेड साल का टोटल बिल भुगतान कार्य पूर्ण होने के बाद रु नब्बे लाख बकाया है ।

# ओंकारेश्वर के पर्वत पर सावन गौशाला में तेंदुए ने बछड़े को बनाया शिकार

**ओंकारेश्वर ( नि प्र )।** ओकार पर्वत पर देखे गए तेंदुए शनिवार रात्रि में वेद माता गायत्री मंदिर मादा तेंदुए ने सावन गौशाला में घुसे और दो गाय के बछड़ों को अपना शिकार बनाया पिछले एक हफ्ते से ओंकारेश्वर के ओंकार पर्वत आशापुरी एवं गायत्री मंदिर के निकट रात्रि में तेंदुए देखे जाने की खबर लंबे समय से मिल रही थी ।



वन विभाग को कई बार शिकायत के बावजूद भी विभाग गंभीरता से नहीं ले रहा था कि शनिवार को गौशाला में गौ माता के बछड़े को शिकार बनाने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों को की गई शिकायत के बाद डिप्टी डेंजर आनंदराम खंडे मौके पर पहुंचे ओकार पर्वत पर तेंदुए को लेकर बढ़ते आतंक से क्षेत्र के लोग भयभीत हैं वन विभाग को जंगली सुवरो तथा तेंदुए को पकड़ने की मांग तुल पकड़ने लगी है.

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

गौशाला में पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा पोस्टमार्टम किया गया वनविभाग के अधिकारी ने पर्वत पर निवासरत लोगों को सतर्कता बर्तने की अपील की पोस्टमार्टम पश्चात नियम अनुसार जो भी राशि होगी स्वीकृत कराकर गौशाला में दी जाएगी

**रवि सेठ रेंजर वन विभाग पुनासा**



## बालाजी गरबा महोत्सव की तैयारीयो के लिए हुई महिला संगठनों की बैठक

**खंडवा।।** माता की उपासना के पर्व नवरात्रि में प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ कॉलोनी बालाजी धाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश स्तरीय गरबा महोत्सव होने जा रहा है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इसी क्रम में आज आजाद नगर स्थित बालाजी ग्रुप के ऑफिस पर शहर के विभिन्न महिला संगठनों की बैठक हुई। बालाजी ग्रुप की गरिमा गोयल ने बताया कि बैठक में गरबा महोत्सव से संबंधित विभिन्न विषयों पर सभी महिला संगठनों द्वारा अपनी अपनी राय दी गई, जिसमें माता की वंदना, आरती, पांडाल व्यवस्था, साज- सज्जा, महिला सम्मान, संस्कृति रक्षा, सामाजिक चेतना, कार्यक्रम की थीम एवं अनेक विषयों पर चर्चा करके अपनी- अपनी भूमिका तय की गई। उक्त बैठक में पुजा गोयल,उपासना देसाई, सुनीता तेनदूरिया, जय श्री मिश्रा, अंजना शुक्ला, माया गर्ग, मंजुला गुप्ता, किरण शर्मा, अनीता पिल्ले, तान्या केतवा, प्रतीक्षा अग्रवाल आदि मौजूद रहे.



## सरस्वती शिशु मंदिर के भैयाओं ने कुश्ती में दम दिखाते हुए गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया

**खण्डवा।** उज्जैन में क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन हुआ इसमें शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कल्याणगंज विद्यालय के अंडर 14 व अंडर 17 के भैया बहिनों ने भी सहभागिता करते हुए अंडर 14 के भैयाओ ने अपनी विरोधी टीम को अपने दांव पेंच से पछाड़ते हुए वैभव गुप्ता ने एक गोल्ड व कुशल कपूर ने एक सिल्वर मैडल अपने नाम किया इसी तरह अंडर 17 के भैयाओं ने जिसमें समर्थ पटेल ने एक गोल्ड, भावेश तंवर ने एक गोल्ड,हिमांशु दीक्षित ने एक गोल्ड व ओम घारे ने एक सिल्वर मैडल अपने नाम करते हुए अपना वर्चस्व बरकरार रखा इनकी उपलब्धि पर विद्यालय समिति के पदाधिकारी विभाग समन्वयक श्री सत्यनारायण जी लववंशी संस्था प्राचार्य श्रीमती शोभा तोमर दीदी प्रधानाचार्य श्री दिलीप जी सपकाले,श्री जितेंद्र जी महाजन सहित राधेश्याम जी चौहान व विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया।अब यह सभी चयनित भैया अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता के लिये सारनपुर उत्तर प्रदेश के लिये रवाना होंगे।

# गया शीला नामक स्थान पर तर्पण करने पहुंच रहे हैं पितरों की शांति के निमित्त भक्त

**ओंकारेश्वर ( ललित दुबे )।** जैन तीर्थ के पास गया शीला नामक स्थान पर पितरों की शांति के निमित्त पहुंच रहे हैं पूजन के लिए भक्त 16 श्राद्ध में श्रद्ध करने का बड़ा महत्व है श्राद्ध को श्रद्धा के साथ करना चाहिए ओंकारेश्वर सिद्धवर कुट के निकट कावेरी नदी के पास गया शीला नामक स्थान पर भी गया जी में पितरों के निमित्त किए गए कर्म का फल यहां मिलता है 16 श्राद्ध में यहां भक्त देव ऋषि पितृ तर्पण के लिए आते हैं गया जी इतना ही उसका फल मिलता है पंडित दुर्गेश पचौरी ने जानकारी देते हुए गयाजी व श्रद्धा का महत्व बताते हुए कहा हमारे शास्त्रों में बिहार में जो में गया जी है इसका विशेष महत्व बताया गया है एक राक्षस था गया नाम का उसका विकराल स्वरूप था उसने भजन इतने किए थे की भजन



करने के प्रताप से उसे जो हवा छूकर गुजराती व किसी को छू लेती थी वह सीधा स्वर्ग में जाता था यमलोक में जब कोई जीव आत्मा नहीं आ रही थी तब यमराज ने भगवान के पास जाकर ऐसी प्रार्थना की किया की नियम विरुद्ध क्या हो रहा है जो पापी है वह भी स्वर्ग में जा रहे हैं वहां पर फिर यह भगवान से प्रार्थना करने के बाद भगवान गया स्वर नामक राक्षास के पास गए उनको प्रणाम किया वहां पर यह बताते हैं कि गया जी जो जाते हैं भगवान के चरण हैं जिसका विशेष पूजन होता है गया सूर्य के चरण पर स्थापित किया भगवान स्वयं साक्षात विराजमान चरण कमल है गया स्वर इतना भजनानंदी था छूने से देखने से सभी मोक्ष को प्राप्त करते थे इसलिए विशेष स्थान पितरों के लिए है ओंकारेश्वर तीर्थ क्षेत्र जैन तीर्थ के पास गया शिला नामक स्थान है जहां पांडवों ने श्राद्ध किया था उसका भी उतना ही महत्व बताया गया है जितना गया शील नामक स्थान बिहार का है पितृपक्ष में ओंकारेश्वर में जो भी मंडलीय है यहां आकर 16 श्राद्ध में पितरों की आत्मा की शांति के लिए16 दिनों तक नर्मदा के तटो पर तर्पण करते हैं 16 दिनो मे एक दिन कावेरी नदी के निकट गया शीला नामक स्थान पर यहां आकर कर्म करते हैं और उसका फल प्राप्त करते हैं रविवार को ओंकारेश्वर तीर्थ के पंडित व अन्य मंडली ने गया शीला पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा 56 भोग का प्रसाद भोग लगाया.

## तान्या अबरोल की धमाकेदार एंट्री



बादले पे पांव है में अरोड़ा परिवार में हलचल मचाने के लिए एक नया और रोमांचक किरदार आने वाला है। मशहूर अदाकारा तान्या अबरोल खन्ना परिवार की नई नौकरानी लाली के रूप में कलाकारों में शामिल हो रही हैं, हालांकि वह आम नौकरानी से बिल्कुल अलग हैं।तान्या ने बताया, मेरा किरदार लाली एक आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी महिला है। उसे नौकरानी कहलाना पसंद नहीं है और वह खुद को किसी भी अन्य पेशेवर के बराबर मानती है और उन्हीं की तरह अपनी सेवाएं देती है। लाली उसके लिए एकदम सही नाम है, क्योंकि वह लाल रंग की उग्रता के साथ आई है। उसे पुरुषों, खासकर अपने पति पर भरोसा नहीं है और जब वे झूठ बोलते हैं तो उनके व्यवहार के बारे में उसकी तीखी टिप्पणियां अक्सर सटीक होती हैं। हालाँकि, वह शुरू में घर में काम करने आती है, लेकिन वह जल्दी ही महिलाओं से दोस्ती कर लेती है।

## कलाकारों ने लिया बप्पा का आशीर्वाद




अपने शोज़ के बहुप्रतीक्षित लॉन्च से पहले 'वसुधा' और 'जागृति - एक नई सुबह' के कलाकार बप्पा का आशीर्वाद लेने ज़ी टीवी के परेल चा राजा पंडाल पहुंचे। वसुधा के कलाकार नौशीन अली सरदार (चंद्रिका सिंह चौहान), प्रिया ठाकुर (वसुधा), अभिषेक शर्मा (देवांश), और जागृति के लीड कलाकार आर्य बब्बर (कालीकांत ठाकुर), अस्मि देव (जागृति), और तितिक्षा श्रीवास्तव (गीता) ने पंडाल में पहुंचकर महाआरती का आनंद लिया। इस दौरान सभी कलाकारों ने अपने फैंस से भी मुलाकात की और उत्सव में आए श्रद्धालुओं के साथ शामिल होकर भक्ति का आनंद लिया। वसुधा का रोल निभा रहीं प्रिया ठाकुर कहती हैं, ''अपने शो के लॉन्च से पहले ऐसे पवित्र अवसर का हिस्सा बनना एक आशीर्वाद की तरह है। यह मुंबई में मेरी पहली गणेश चतुर्थी है और ऐसे में ज़ी टीवी परेल चा राजा पंडाल में आना बड़ा सुखद अनुभव था।

## पिता पुत्र के तनावपूर्ण रिश्ते की कहानी है 'द मेहता बॉयज़'



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता बोमन ईरानी की बहुप्रतीक्षित निर्देशक के रूप में पहली फिल्म 'द मेहता बॉयज़' का 20 15वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ। बोमन ईरानी, श्रेया चौधरी और अविनाश तिवारी अभिनीत यह फिल्म एक पिता और पुत्र के बीच के तनावपूर्ण रिश्ते की कहानी है, जो पहचान, परिवार और अपनी जगह की खोज जैसे गहरे मुद्दों को छूती है।फिल्म में प्रमुख महिला किरदार निभाने वाली श्रेया चौधरी इस वर्ल्ड प्रीमियर को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में जाने को लेकर बेहद उत्साहित हूं, खासतौर पर इसलिए कि हमारी फिल्म 'द मेहता बॉयज़' का वर्ल्ड प्रीमियर उद्घाटन रात में हो रहा है!

## मुंजा ने सभी तीन माध्यमों में हैट्रिक मारी



शर्वरी 2024 में इंडस्ट्री की सबसे चमकदार युवा कलाकारों में से एक बनकर उभरी हैं। साल की शुरुआत उनकी फिल्म मुंजा की शानदार सफलता से हुई, जिसने 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया और जिसमें उनका दमदार सोलो डांस नंबर तरस भी था। अब फिल्म थिएटर, स्ट्रीमिंग और सैटेलाइट तीनों माध्यमों में जबरदस्त हिट साबित हुई है। मुंजा, जो कि मैडॉक की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसे दिनेश विजान ने प्रोड्यूस और आदित्य सरपोतदार ने डायरेक्ट किया है, ने 2024 में सिनेमा हॉल में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिकॉर्ड तोड़े और साल का सबसे बड़ा टीवी प्रीमियर बन गई। शर्वरी ने अपनी खुशी और आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं वास्तव में भाग्यशाली हूं कि मुंजा ने तीनों माध्यमों - थिएट्रिकल, स्ट्रीमिंग और सैटेलाइट पर हैट्रिक मारी है!



## रानी मुखर्जी सी लिंक को लाल रंग में करेंगी रोशन

बॉलीवुड की प्रसिद्ध अदाकारा रानी मुखर्जी वर्ल्ड रोज डे के मौके पर कैंसर पेशेंट्स एड एसोसिएशन के साथ साझेदारी कर रही हैं। इस खास दिन पर रानी मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक को लाल रंग में रोशन करेंगी ताकि कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके। इस महत्वपूर्ण आयोजन में रानी के साथ कुछ युवा कैंसर मरीज भी शामिल होंगे। रानी ने कहा, मुझे इस महत्वपूर्ण उद्देश्य का समर्थन करने का अवसर मिला, इसके लिए मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं। मैं कैंसर पेशेंट्स एड एसोसिएशन का धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने मुझे इस नेक काम का हिस्सा बनने का मौका दिया। रानी मुखर्जी इस आयोजन के दौरान बच्चों को गुलाब और उपहार भी भेंट करेंगी। वर्ल्ड रोज डे 12 वर्षीय मेलिंडा रोज की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्हें अस्किन्स ट्यूमर, एक दुर्लभ ब्लड कैंसर, का पता चला था।

## जावेद ने की श्रिया पिलगांवकर की तारीफ

रोहित राज और भुवन बाम द्वारा बीबी की वाइन्सा प्रोडक्शंहस के बैनर तले निर्मित और हिमांक गौड़ द्वारा निर्देशित ताज़ा खबर सीरीज में दिग्गाज एक्टकर जावेद जाफरी के साथ-साथ श्रिया पिलगांवकर, प्रथमेश परब, देवेन भोजानी और शिल्पाग शुक्लां, आदि की महत्वेपूर्ण भूमिकाएं हैं। वस्यो की किस्मरत और वरदान को एक ताकतवर आदमी युसुफ अख्तानर से चुनौती मिलेगी और एक बार फिर वस्याा और उसके परिवार की जान पर जोखिम मंडराएगा। क्या वस्य् अकेले लड़ पाएगा या वरदान इस बार भी उसका साथ देगा? जावेद जाफरी ने श्रिया पिलगांवकर के साथ काम करने का अनुभव बताते हुए कहा कि वह कैसे अपने काम में डूब सी जाती हैं और वह अपने काम के दौरान कैसे एकदम असली पेशेवर अंदाज लेकर आती हैं।




## स्त्री 2 मीट्स बिन्नी एंड फैमिली





फिल्म बिन्नी एंड फैमिली को सिनेमाघरों में देखने का इंतजार कर रहे हैं। इस उत्साह को बनाए रखने के लिए, मेकर्स अब विशाल मिश्रा का एक खास गाना लॉन्च कर रहे हैं। यह सॉन्ग लॉन्च इसलिए खास होगा क्योंकि फिल्म की लीड एक्टर और डेब्यूटेंट अंजिनी धवन, एक्टर राजेश कुमार और प्रोड्यूसर महावीर जैन के अलावा इस इवेंट में ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी स्त्री की कास्ट भी शामिल होगी। इस इवेंट में डायरेक्टर अमर कौशिक और लेखक नीरेन भट्ट के साथ अभिषेक बनर्जी भी मौजूद रहेंगे।एक सूत्र ने बताया कि स्त्री 2 की टीम जिंदगी गाना लॉन्च करेगी और बिन्नी एंड फैमिली की कास्ट से भी इंटरैक्ट करेगी। सूत्र ने आगे बताया कि इस इवेंट में विशाल मिश्रा का लाइव परफॉरमेंस भी होगा। ÷वे बहुप्रतीक्षित गाना जिंदगी पर परफॉर्म करेंगे, जिसे उन्होंने कम्पोज और गाया है और जो कौशल किशोर द्वारा लिखा गया है

## प्रभास ने गर्भवती सुशीला को निशाना बनाया

पुष्पा इम्पॉसिबल में प्रभास ने पुष्पा के परिवार का जीना दूभर कर दिया है। प्रभास एक स्टॉकर है, जिसने अश्विन को फर्जी हथियार मामले में गिरफ्तार कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । प्रभास बदले की अपनी रणनीति को नए चरम पर पहुंचाना चाहता है और उसकी हरकतें भयावह होती जाती हैं। एक तरफ पुष्पा चॉल में जहर देकर प्रभास की फैलाई अराजकता से निपट रही है, वहीं दूसरी तरफ सुशीला को प्रसव पीड़ा होती है। जल्दबाजी में सुशीला और बापोदरा अस्पताल पहुंचते हैं। वहां प्रभास अपनी अगली कुटील चाल चलता है और अस्पताल की बिजली काट देता है। इससे असहाय दंपत्ति लिफ्ट के अंदर फंस जाते हैं। सुशीला के बचे को जन्म देने ही वाली होती है और स्थिति और भी तनावपूर्ण और खतरनाक हो जाती है।




## 'द साबरमती रिपोर्ट' की रिलीज डेट का खुलासा




यंग पैन इंडिया स्टार राशी खन्ना और विक्रांत मैसी की फ़िल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की रिलीज तारीख की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 15 नवंबर, को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राशी एक रिपोर्टर की भूमिका में नजर आएंगी, जो साबर मती एक्सप्रेस घटना के पीछे की सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर निकलती हैं। जबकि, विक्रांत मैसी त्रासदी को उजागर करने में उनके साथ शामिल हो जाते हैं। मेकर्स ने एक दमदार पोस्टर के साथ रिलीज डेट की घोषणा की है, जो फिल्म की इंटेंसिटी की एक झलक दिखाता है।फिल्म के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर नया पोस्टर शेयर किया और कैप्शन दिया, द बर्निंग ट्रुथ विल बी आउट ऑन 15 नवंबर! स्टे ट्यून्ड ! द साबरमती रिपोर्ट ओनली इन सिनेमाज! रंजन चंदेल द्वारा निर्देशित यह फिल्म 27 फरवरी, 2002 की सुबह गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस पर हुई घटना के विवरण पर आधारित है

## डीजे ने युविका को हराने के लिए रची साजिश



शो वंशज में डीजे महाजन (माहिर पांधी) और युविका महाजन (अंजलि तत्रारी) के बीच की प्रतिद्वंद्विता निर्णायक क्षण पर पहुंच गई है। डीजे अपनी क्रूरता और साजिशों के लिए जाना जाता है। वह चौंकाने वाला सच बताता है कि यश तलवार को ही नील का दिल मिला है।डीजे दो मोर्चों पर शैतानी योजना के साथ आगे बढ़ता है- पहला, यश और उसके परिवार को अवैध अंगदान के मामले में फंसाने की साजिश रचता है। दूसरा, यश को युविका की जान लेने के लिए उकसाता है। यह कहते हुए कि अवैध अंग दान मामले में उसके सहयोग का खुलासा युविका कर सकती है और उसकी जान के लिए खतरा बन सकती है। अब युविका की ही जान खतरे में है, ऐसे में अब कहानी दिलचस्प मोड ले लेती है। युविका खुद को बचाने के लिए संघर्ष करती दिखाई देती है और देर होने से पहले डीजे की काली करतूतों को सबके सामने लाना चाहती है।


## सलमान के घर फायरिंग करने वालों के वकील रोए



सलमान खान के घर पर फायरिंग करने वाले आरोपियों के वकील अमित मिश्रा एक इंटरव्यू देते हुए रो पड़े। उन्हें सलमान खान की तरफ से मानहानि का नोटिस मिला है। दरअसल, आरोपी विक्की गुप्ता और सागर पाल के वकील अमित मिश्रा ने 4 सितंबर को मीडिया से बात की थी। उन्होंने कहा था, मेरे क्लाएंट के परिजनों को जेल में बंद दाऊद इब्राहिम के गुर्गों से डर है। वे सलमान के कहने पर सागर और विक्की का मर्डर कर सकते हैं। सलमान ने इसी बात पर मानहानि का नोटिस भेजा है। इस नोटिस पर अमित ने कहा, मैंने तो बस अपने क्लाएंट का पक्ष रखा था। अपनी तरफ से कुछ भी नहीं कहा था, फिर भी मुझे डराने और प्रेशर डालने के लिए मानहानि का नोटिस भेज दिया गया है। मैं एक वकील हूं, लेकिन फिलहाल विक्टिम बन गया हूं। अगर मेरे साथ कुछ भी गलत हुआ, तो इसके जिम्मेदार सलमान खान होंगे।

## 'ताल' सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी!

अनिल कपूर की मशहूर फिल्म 'ताल' ने हाल ही में अपनी रिलीज के 25 साल पूरे किए हैं। फिल्म की सिल्वर जुबली पर, मेकर्स ने घोषणा की कि फिल्म 27 सितंबर को सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी। ऐश्वर्या राय बच्चन और अक्षय खन्ना के साथ अनिल कपूर की मुख्य भूमिका वाली 'ताल' 1999 में सुभाष घई द्वारा निर्देशित एक म्यूजिकल फिल्म थी। इसे उस समय बहुत प्रशंसा मिली थी, और बड़े पर्दे पर जादू वापस आने के साथ, फिल्म से दर्शकों पर उसी तरह का प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।कपूर को फिल्म में उनके प्रदर्शन के लिए प्रशंसा मिली। वास्तव में, उन्होंने बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर कैटेगरी में कई अवॉर्ड जीते। फिल्म का म्यूजिक भी सनसनी बन गया और अभी भी आइकोनिक बना हुआ है।



## सैयामी आयरनमैन 70.3 ट्रायथलॉन पूरा करने वाली एकमात्र भारतीय अभिनेत्री

सैयामी खेर ने जर्मनी में प्रतिष्ठित आयरनमैन 70.3 ट्रायथलॉन को पूरा करके एक उल्लेखनीय व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल की है। वह शारीरिक रूप से कठिन इस दौड़ को सफलतापूर्वक पूरा करने वाली भारत की एकमात्र भारतीय अभिनेत्री बन गई, जिसमें 1.9 किमी की तैराकी, 90 किमी की साइकिलिंग और 21.1 किमी की दौड़ शामिल है - जो एक के बाद एक पूरी की जाती है। आयरनमैन 70.3, जिसे हाफ आयरनमैन के नाम से भी जाना जाता है, दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण सहनशक्ति दौड़ों में से एक है, जो दुनिया भर के एथलीटों की सीमाओं का परीक्षण करती है। यहां तक कि अनुभवी प्रतिभागियों को भी फिनिश लाइन तक पहुंचने में कठिनाई होती है, लेकिन सैयामी के समर्पण और दृढ़ता ने उन्हें अंत तक पहुंचाया, जिससे वह उन कुछ लोगों में से एक के रूप में चिह्नित हुईं जो दौड़ पूरी करने में कामयाब रही।



राग दरबारी



# मुफ़्त की रेवड़ी पर बहस करना बेईमानी होगा !

मध्यप्रदेश मे पिछले विधानसभा चुनाव में मिली हार को जीत में बदलने में लाड़ली बहना (प्रिय बहना)नामक योजना अब तक की सबसे बढ़ी केश फ़ार वोट योजना बीजेपी ने लाँच की थी। इस योजना के बूते नतीजा भी पार्टी पक्ष में ही आया। लाडली बहना योजना को लाने वाले शिवराज सिंह चौहान ने राज्य चुनाव मे प्रदेश मे बड़ी जीत दिलवाने मे महती भुमिका का निर्वहन किया था। किन्तु रिजल्ट आने के बाद जीत का तमगा शिवराज को सौंपने के बजाए बड़े चुनावी समर का इंतजार कर मोहन यादव को मुख्यमंत्री और शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय कृषि मंत्री के तमगे़ से नवाजा गया।

खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश मे संपन्न चुनावी रैलियों मे लाडली बहना योजना से दुर नही रह सके। या यू कहे चुनाव प्रचार में लाडली बहना अभियान से खुद को जुदा नहीं कर पाए थे ! चुनावी सर्वे कांग्रेस की सरकार दर्शा रहा था वही मातृ संस्था आरएसएस (संघ + ठन) द्वारा करवाए सर्वे मे पार्टी को चुनाव मे 60 सीट पर सिमटने की घोषणा ने पार्टी मे उथल पुथल मचा रखी थीं इस उथल पुथल से दिल्ली दरबार की नींद भी उडी हुई थीं! मरता क्या ना करता की तर्ज पर शिव !की सारी बाते मानी गई और कर्ज लेकर घी पीने की परंपरा का निर्वाह अबाध गति से जारी रहा! किन्तु जिस लाडली बहना के बूते दांव चला गया था उसी लाडली बहना का लाभ पार्टी को राज्य मे पूर्ण बहुमत की सरकार के साथ लोकसभा चुनाव में 28 मे से 28 सीट जीत के साथ मिला । मतलब साफ़ है नेताओ को अपने लाभ से मतलब है किसी विधवा विलाप की कोई गुंजाइश भी नहीं बची।

आने वाले समय मे महाराष्ट्र में भी सत्ता की निरंतरता के लिए लाड़ली बहना योजना की कॉपी पेस्ट कर मतदाताओं के सामने परोस दी गई है। यहाँ भी सत्ता से बाहर रहने के चुनावी सर्वे ने पार्टी को पूर्ण बहुमत का बताना शुरु कर दिया है। गौरतलब बात यह है कि महाराष्ट्र में 31 अगस्त 2024 तक आवेदन करने वाली महिलाओं ( 18 से 60 की उम्र) को तीन माह का भुगतान एक साथ किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इसके लिए बाक़ायदा पूरे महाराष्ट्र में बीजेपी के आमदार और खासदार (विधायक और सांसद) के कार्यालयों के बाहर बढ़े-बढ़े पोस्टर नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री से उप मुख्यमंत्री बने देवेंद्र फड़नवीस के चित्र के साथ देखे जा रहे है।

योजनाओ का लाभ किसको दे! पर मंथन हुआ भी किन्तु यह बात अलग है कि राज्य मे सत्ता आते ही जीत को ब्रांड मोदी की सफलता के रूप में प्रचारित किया जाने लगता है जिससे इस तरह की योजनाओं से मिली सफलता की धुंधला किया जा सके। कांग्रेस ने यही अपराध हिमाचल प्रदेश में किया और आर्थिक तंगी के शुरुआती नतीजे वहाँ आने लगे। तब सबकी नज़र इस रेवड़ी पर पड़ी। हमाम में सभी राजनीतिक दल सिर्फ़ सत्ता चाहते है और उसके लिए किसी भी स्तर के नुक़सान को देखने से उनको कोई गुरेज़ नहीं है।

अब इस बात का कोई मतलब नहीं कि हम कब उन देशों की पंक्ति में आएगे जिन्हें कोई कर्ज देने को तैयार नहीं। ख़ैर, कर्ज लीजिए, घी पीजिए, वैसे भी सत्ता का नशा ही कुछ अलग है, जो चढ़ जाए तो उतरना मुश्किल होता है और उतरता दिखे तो और भी ज़्यादा तकलीफ़ देता है।

मुफ्त की रेवड़ी पर बहस करना बेईमानी होगा क्योंकि साख पर सवाल और दाग अब महंगे पड़ रहे है।

**राकेश चौकसे-बुरहानपुर**

# 55 हजार पेटी एक्सपायर बीयर प्रदेश की जनता को पिलाने की तैयारी

## जहरीली हो चुकी बीयर की रिपेकिंग पर आपत्ति



इंदौर (राजेन्द्र के.गुप्ता) दारू जितनी पुरानी होती है, उतनी महंगी होती है, दारू की एक्सपायरी डेट नहीं होती है वही बीयर की 09 महीने की एक्सपायरी डेट होती है। प्रदेश के कई जिलों में लगभग हर वर्ष आबकारी विभाग द्वारा एक्सपायर बीयर नष्ट की जाती है। भोपाल डीसी यशवंत धनौरा ने छतीशगढ़ में एक्सपायर हो चुकी लगभग 55 हजार पेटी बीयर को मध्यप्रदेश में वापस लाने की अनुमति देकर अर्थात आयात करके, प्रदेश की जनता को बेचने की तैयारी की है।



जो बीयर भारत के ही और मध्यप्रदेश से ही अलग होकर बने राज्य की जनता को नहीं बेची जा सकती हो, वही बीयर प्रदेश या अन्य प्रदेश की जनता को कैसे बेची जा सकती है ? क्या प्रदेश की मदिरा प्रेमी जनता के स्वास्थ्य पर एक्सपायर बीयर से विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा ? क्या ये जानबूझकर जहरीली बीयर पिलाने की श्रेणी में नही आता है ? कैसे ? इन सवालों का जवाब जिम्मेदारों से पूछा जाना चाहिए ।

एक्सपायर बीयर आयात करने की अनुमति देने में भोपाल डीसी धनौरा ने बड़ा खेल करके, सरकार को लगभग डेढ़ करोड़ के राजस्व का चूना लगा दिया है ।

क्योंकि 30 रुपए प्रति पेटी आयात शुल्क वसूल किए बिना, अनुमति जारी की गई है। एक्सपायर बीयर को रिपेकिंग करने की अनुमति के लिए भी खेल चल रहा है, अगर एक्सपायर बीयर को रिपेकिंग करके बेचने की अनुमति आबकारी कमिश्नर के द्वारा दी जाती है तो यह माना जाएगा की संभाग से लेकर कमिश्नर तक खेल में शामिल है।

यशवंत धनौरा पर आरोप है कि धार में पदस्थ रहते उनके द्वारा डिस्टलरीज से शराब तस्करी करवाई जा रही थी, डिस्टलरीज में अवैधानिक रूप से ट्रकों में भरी शराब जांच में पकड़ाई थी, शराब तस्करी के उस मामले में तत्कालीन पीएस ने धनौरा को हटाने के लिए नोटशीट लिखी थी, जिसकी प्रति हमारे पास है।

अब एक एक्टिविस्ट ने एक्सपायर अर्थात जहरीली हो चुकी बीयर की रिपेकिंग की अनुमति जारी करने पर आबकारी कमिश्नर के समक्ष आपत्ति दर्ज करवाई है।

# सोयाबीन तेल की कीमतों ने बिगाड़ा घरों का गणित

## 5 दिन में दाम 100 से 125 हुए, कीमत और बढ़ेगी



इंदौर। किसानों के आंदोलन के बीच सोयाबीन तेल की कीमत 5 दिन में 100 से बढक़र 125 रुपए प्रति लीटर हो गई है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि तेल की कीमतें 150 रुपए के पार जाएंगी। इसका असर ये होगा कि हर महीने 5 लीटर तेल की खपत करने वाले परिवार पर 150 से 180 रुपए का भार बढ़ेगा। मतलब हर साल आपके घर के बजट में सिर्फ सोयाबीन तेल की कीमतें बढऩे से 2 हजार रुपए का इजाफा होगा।

केंद्र सरकार ने 14 सितंबर को कच्चे खाद्य तेलों पर इम्पोर्ट ड्यूटी (आयात शुल्क) को 5.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 27.5 प्रतिशत कर दिया है। इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाए जाने के ऐलान के साथ ही एक हफ्ते में रिफाइंड सोयाबीन तेल के दाम 25 से 30 रु. प्रति लीटर बढ़ गए हैं।

सोयाबीन के मंडी भाव में भी 700 रु. से 900 रु. की तेजी आ गई है। इसके अलावा कच्चे सोयाबीन ऑयल, कच्चे पाम ऑयल और कच्चे सनफ्लॉवर ऑयल पर बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) को 0 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है, जिससे कच्चे तेल पर प्रभावी शुल्क दर 27.5 प्रतिशत हो गई है। इसके साथ ही रिफाइंड पाम ऑयल, रिफाइंड सनफ्लॉवर ऑयल और रिफाइंड सोयाबीन ऑयल पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 12.5 प्रतिशत से बढक़र 32.5 प्रतिशत तक हो गई है।

बाजार में बिकने वाले सोयाबीन तेल में 40 से 60 फीसदी पाम ऑयल मिलाया जाता है। सरकार के इस फैसले से पहले पाम ऑयल की कीमत 3985 रुपए प्रति सौ लीटर यानी करीब 40 रुपए प्रति लीटर थी। इम्पोर्ट ड्यूटी बढऩे के साथ कीमतें 900 रुपए प्रति 100 किलो तक बढ़ जाएगी।

### इम्पोर्ट ड्यूटी और बेसिक कस्टम ड्यूटी बढ़ाने से बढ़े दाम

इंदौर। भारत में ऑयल सीड इंडस्ट्री पिछले कुछ साल से बीज खरीदकर तेल उत्पादन करने से ज्यादा विदेशों से तेल आयात कर उसे रिफाइनिंग करने में ट्रांसफॉर्म हो गई है। इसकी वजह है कि यहां से सीड खरीदकर उसका कच्चा तेल बनाना इंडस्ट्री को महंगा पड़ता है। इसे ऐसे समझिए कि 1 किग्रा सोयाबीन 50 रुपए में इंडस्ट्री ने खरीदा। इसमें से सिर्फ 17 से 18 प्रतिशत ही तेल निकलता है। बाकी 80 से 82 फीसदी सोयाबीन की खली यानी सोया डिओसी (डि ऑयल केक) निकलती है। इंडस्ट्री फायदे में तब रहेगी, जब तेल और डिओसी की कीमत बाजार में 50 रुपए से ज्यादा मिले। जो इंडस्ट्री सोयाबीन से तेल निकाल रही थी, वह इम्पोर्ट ड्यूटी की वजह से घाटे में थी। इसकी पूर्ति के लिए उन्होंने सोयाबीन तेल में विदेशों से आयात किया 40 फीसदी पाम ऑयल या 60 से 80 फीसदी सस्ता कच्चा सोयाबीन तेल मिलाकर बेचना शुरू कर दिया था। इसकी वजह से बाजार में सोयाबीन तेल की कीमतें कम थीं।

# परिसीमन आयोग को ऑफिस का इंतजार

## जनता सीधे आयोग के प्रमुख से कर रही संपर्क

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परिसीमन आयोग के गठन के साथ ही जिलों में विसंगतियों का जिक्र किया था। साथ ही सेवानिवृत्त आईएएस मनोज श्रीवास्तव को आयोग का प्रमुख बनाया है। उन्होंने कार्यभार ग्रहण भी कर लिया। हालांकि, अभी सरकार की तरफ से आयोग के कार्यालय से लेकर स्टाफ को लेकर कार्यवाही चल रही है। इस बीच लोग सीधे आयोग के प्रमुख से उनके आवास पर मिलने पहुंच रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सिरोंज क्षेत्र से लंबे समय से सिरोंज लटेरी को स्वतंत्र जिला बनाने की मांग की जा रही है। जिला बनाओ समिति भी लंबे समय से इस मुद्दे पर काम कर रही है। इस ग्रुप के लोगों ने सिरोंज लटेरी को स्वतंत्र जिला बनाने की मांग को लेकर अपना प्रतिवेदन आयोग के प्रमुख को दिया है। इसके अलावा भी तहसील और विकासखंड स्तर पर लोग अपनी मांग को लेकर पहुंच रहे हैं। बता दें, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य में जिलों की सीमा और प्रशासनिक ढांचे में मौजूद विसंगतियों को दूर करने के उद्देश्य से परिसीमन आयोग के गठन का निर्णय लिया था। उनका कहना है कि यह आयोग इन विसंगतियों को खत्म करने के लिए काम करेगा, जिससे प्रशासनिक कार्यों में सुधार हो सके।

### आयोग की प्रक्रिया पर विचार-विमर्श जारी

आयोग के प्रमुख मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि आयोग की कार्यप्रणाली तय होना है। उन्होंने बताया कि कई महत्वपूर्ण सवालों पर विचार किया जा रहा है, जैसे क्या प्रश्नावली तैयार करना जरूरी है या नहीं, और इस पर तीनों सदस्यों के आने के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। आयोग लोगों से लिखित प्रस्ताव लेगा और उन्हें प्रजेंटेशन का समय भी दिया जाएगा। इसके साथ ही भ्रमण और जन सुनवाई की प्रक्रिया को लेकर भी अभी सब कुछ तय करना है। आयोग की प्रक्रिया तय होने के बाद लोगों के सुझाव और प्रस्तावों को प्राथमिकता से सुना जाएगा।

# माननीयों की सदस्यता का भार कार्यकर्ताओं पर

## सांसद, विधायक और मेयर के दबाव से बिखरे कार्यकर्ता

भोपाल (ईएमएस)। मप्र में भाजपा का सदस्यता अभियान जोरों पर है। इस बार पार्टी ने सदस्यता अभियान में सभी की भागीदारी के लिए सांसदों, विधायकों, महापौर और अन्य पदाधिकारियों को नए सदस्य बनाने का टारगेट दे दिया है। ये लोग कार्यकर्ताओं के भरोसे अपना टारगेट पूरा करने में लगे हुए हैं। जानकारों का कहना है कि माननीय पहले मेरा, पहले मेरा टारगेट पूरा करने का दबाव कार्यकर्ताओं पर दबाव बना रहे हैं। इससे कार्यकर्ता परेशान होकर बिखर रहे हैं।

ऐसे में वह स्वयं के खाते के सदस्य न बनाते हुए सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष के क्यूआर कोड से सदस्य बना रहा है। प्रदेश में अभी तक मोर्चा ने करीब एक लाख सदस्य बनाए हैं। जबकि भोपाल में मोर्चा के सदस्यों की संख्या छ हजार के करीब ही पहुंच सकी है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार डेढ़ करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा के कार्यकर्ताओं के सामने उसके ही नेताओं ने परेशानी खड़ी कर दी है। कार्यकर्ता समझ नहीं पा रहे हैं कि वे सांसद, विधायक, मेयर या जिलाध्यक्ष आखिर किसके लिए काम करें। भाजपा संगठन ने सभी सांसद, विधायक, महापौर एवं जिला अध्यक्ष को सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है।

इन नेताओं ने कार्यकर्ताओं से कहा है कि वे उनके क्यू आर कोड से सदस्य बनाएं। सांसद अपने क्षेत्र में अपने लोगों से उनके क्यू आर कोड से सदस्य बनाने के लिए कह रहे हैं, कुछ ऐसी ही स्थिति विधायक, महापौर और जिला अध्यक्षों की भी है, वह भी अपने समर्थकों को उनके क्यू आर कोड से सदस्य बनाने के लिए कह रहे है।



ऐसे में कार्यकर्ता को यह समझ नहीं आ रहा है कि आखिर किसके क्यूआर कोड से सदस्य बनाए, क्योंकि कार्यकर्ता जिस वार्ड में रहता है वह वार्ड सांसद के अलावा किसी न किसी विधायक और जिला अध्यक्ष के क्षेत्र का होता है। ऐसे में परेशानी यह आ रही है कि किसी एक व्यक्ति को सदस्य बनाते समय कार्यकर्ता किसके क्यूआर कोड से उसे सदस्य बनाए, सारे नेता उससे वरिष्ठ हैं और वह किसी को मना भी नहीं कर पा रहा है। वहीं दूसरी और पार्टी ने सभी मोर्चा और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को भी अपने-अपने वार्ड में सदस्य बनाने के लिए कहा है। ऐसे में जहां एक ही वार्ड में सात मोर्चा के पदाधिकारी सदस्यता के लिए किसी व्यक्ति के पास जाते हैं तो उसे यही जवाब मिलता है कि वह तो किसी अन्य के द्वारा सदस्य बना दिए गए हैं।

### मुश्किल में फंसे मोर्चा

जानकारी के अनुसार संगठन ने नेताओं को जो टारगेट दिया है उससे वे परेशानी में पड़ गए हैं। परेशानी यह भी सामने आ रही है कि कई ग्रामीण क्षेत्र के वार्ड में उतनी संख्या में मतदाता भी नहीं हैं, जितना कि सभी मार्यो को लक्ष्य दिया गया है। वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा को सदस्य बनाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जहां पार्टी ने मोर्चो के पदाधिकारियों को सदस्यता को लेकर लक्ष्य दिया था, उसमें से कई तो अभी तक अपना खाता भी नहीं खोल पाए हैं। इसके पीछे कि वजह यह है कि वह पदाधिकारी किसी बड़े नेता, सांसद, विधायक से जुड़ा हुआ है।

ऐसे में वह स्वयं के खाते के सदस्य न बनाते हुए सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष के क्यूआर कोड से सदस्य बना रहा है। प्रदेश में अभी तक मोर्चा ने करीब एक लाख सदस्य बनाए हैं। जबकि भोपाल में मोर्चा के सदस्यों की संख्या छ हजार के करीब ही पहुंच सकी है। पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी के संगठन महामंत्री हितानंद प्रतिदिन समीक्षा कर रहे है। वह प्रतिदिन सभी मोर्चा अध्यक्षों से उनके मोर्चे के द्वारा प्रदेश भर में बनाए गए सदस्यों की जानकारी ले रहे हैं। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि मोर्चा के किस पदाधिकारी द्वारा कितने सदस्य बनाए जा रहे हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एम. एजाज खान का कहना है कि त्यौहार होने के बाद भी हमने प्रदेश में एक लाख से अधिक सदस्य बना लिए हैं, अभी हमारे पास काफी समय है। हमें जो पांच लाख सदस्य का लक्ष्य दिया गया है हम उसे पूरा करेंगे।

### मप्र सदस्यता में इतिहास बनाएगा

तीन सितंबर से शुरू भाजपा के सदस्यता अभियान में मप्र ने 50 लाख के आंकड़े को क्रास कर लिया है। एक करोड़ सदस्य बनाकर यूपी देश में पहले नंबर पर है। एमपी और गुजरात 50-50 लाख सदस्य बनाकर बराबरी पर हैं। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने ट्वीट कर सदस्यता के आंकड़े साझा किए हैं। संतोष के मुताबिक देशभर में अब तक 4 करोड़ सदस्य बने हैं। इनमें उप्र एक करोड़ सदस्य बनाकर पहले नंबर पर है। एमपी और गुजरात में 50-50 लाख सदस्य बने हैं। असम में 35 लाख सदस्य बने हैं। संतोष ने सदस्यता के रिकॉर्ड बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com